उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु

# बी. एड.

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024

# (कला वर्ग)

# सॉल्व्ड पेपर्स


**प्रधान संपादक**
आनंद कुमार महाजन

**संपादन एवं संकलन**
परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण, चरन सिंह

**संपादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**मो. : 9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com**
**website : www.yctbooksprime.com**

**प्रकाशन घोषणा**
सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP YCT BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग अपेक्षित है

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कला वर्ग)

### भाग-1


- पाठ्यक्रम ........................................ 2
- बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2023 ........ 3a-24a
- रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2022 ........ 3-24


### भाग-2


- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2021 ........ 3-32


### भाग-3


- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2020 ........ 3-23
- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2019 ........ 24-46
- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2018 ........ 47-66
- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2017 ........ 67-88
- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2016 ........ 89-110
- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2015 ........ 111-131
- बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2014 ........ 132-151
- पं. दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2013 ........ 152-172
- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2012 ........ 173-192


**उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध,**
**सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र में प्रवेश हेतु निर्देशिका**

## प्रवेश परीक्षा का प्रारूप

प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्न होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के दो अंक मिलेंगे।
**प्रवेश परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे।**

### प्रश्नपत्र–प्रथम

| खण्ड | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | सामान्य ज्ञान | 50 | 100 | 200 | 3 घण्टे |
| ब | भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी में से कोई भी) | 50 | 100 | | |

उपरोक्त खण्ड 'अ' सभी के लिए अनिवार्य है। खण्ड 'ब' भाषा से सम्बन्धित होगा। इस खण्ड में हिन्दी एवं अंग्रेजी के पृथक-पृथक भाग होंगे। इन दोनों भाषाओं में से अभ्यर्थी को किसी एक भाषा के लिए प्रश्न हल करने होंगे।

### प्रश्नपत्र–द्वितीय

| खण्ड | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | सामान्य अभिरुचि परीक्षण | 50 | 100 | 200 | 3 घण्टे |
| ब | विषय योग्यता (कला/विज्ञान/वाणिज्य/कृषि) | 50 | 100 | | |

उपरोक्त खण्ड 'अ' सभी के लिये अनिवार्य है। खण्ड 'ब' में 4 विषय वर्ग (कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि होंगे। अभ्यर्थी को इस भाग में से केवल अपने विषय वर्ग के ही प्रश्नों को हल करना होगा जो कि अभ्यर्थी ने अपने विकल्प के रूप में ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरा है।

# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी
# संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023
## प्रथम-प्रश्नपत्र (स्मृति आधारित)
### व्याख्या सहित हल

[परीक्षा तिथि : 15-06-2023]

## खण्ड-अ (सामान्य ज्ञान)

**1. निम्न में से उत्तर प्रदेश के किस शहर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान अवस्थित है?**

(a) इलाहाबाद (b) बरेली
(c) लखनऊ (d) कानपुर

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश में दो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैं –
(i) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
(ii) बनारस हिन्दू वि.वि. के प्रौद्योगिकी संस्थान को भी IIT का दर्जा 2008 में दे दिया गया है।

**2. सामूहिक ''सविनय अवज्ञा'' आंदोलन को एक अहिंसक हथियार के रूप में विचार भारत में सत्तारूढ़ ब्रिटिशों के विरूद्ध किसने दिया?**

(a) जवाहर लाल नेहरू (b) जमशेदजी टाटा
(c) मोहनदास करमचन्द्र गाँधी (d) सुभाष चन्द्र बोस

**Ans : (c)** महात्मा गांधी ने 12 मार्च, 1930 को डांडी मार्च आंदोलन के तहत 6 अप्रैल 1930 को डाण्डी पहुँचकर गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा और सविनय अवज्ञा आन्दोलन का प्रारम्भ किया। इसका प्रयोग गांधी जी ने भारत में सत्तारुढ़ ब्रिटिश शासन व्यवस्था के खिलाफ अहिंसक हथियार के रुप में प्रयोग किया।

**3. 1905 में बंगाल राष्ट्रवादी भावना का केंद्र था। भारत का कौन सा वायसराय बंगाल के विभाजन के लिए जिम्मेदार था?**

(a) लॉर्ड कार्नवालिस (b) लॉर्ड कर्जन
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड क्लाइव

**Ans : (b)** बंग-भंग के स्वरूप और उसके क्रियान्वयन के तरीके ने यह स्पष्ट कर दिया कि राष्ट्रीय आन्दोलन को कमजोर करने के लिए बंगाल का विभाजन किया गया है। बंगाल विभाजन 16 अक्टूबर 1905 को लागू हुआ इस दिन को बंगाल में शोक दिवस के रुप में मनाया गया। लॉर्ड कर्जन बंगाल विभाजन के समय भारत का वायसराय था।

**4. 'माइक्रोसॉफ्ट' कंपनी किससे संदर्भित है?**

(a) मार्क जुकरबर्ग (b) स्टीव जॉब्स
(c) अजीम प्रेमजी (d) बिल गेट्स

**Ans : (d)**

| कंपनी | संस्थापक |
|---|---|
| माइक्रोसाफ्ट | बिल गेट्स |
| फेसबुक | मार्क जुकरबर्ग |
| एप्पल | स्टीव जॉब्स |
| विप्रो | अजीम प्रेमजी |

**5. भारत में उपनिवेश स्थापित करने वाले अंतिम विदेशी कौन थे?**

(a) पुर्तगाली (b) अंग्रेज
(c) फ्रैंच (d) मुगल

**Ans : (c)** किसी एक भौगोलिक क्षेत्र के लोगों द्वारा किसी दूसरे भौगोलिक क्षेत्र में उपनिवेश (कॉलोनी) स्थापित करना उपनिवेशवाद कहलाता है। फ्रांस भारत का अंतिम उपनिवेशक था।

**6. जब हम कहते हैं कि मनुष्य ने प्रकृति के 'कार्बन सिंक' को मिटा दिया है तो हमारा तात्पर्य किस प्राकृतिक संसाधन को समाप्त करने से है?**

(a) महासागर (b) दलदलों
(c) मैदानों (d) वनों

**Ans : (d)** वन (पेड़/पौधे) कार्बन डाई आक्साइड अवशोषित करते हैं तथा ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं। अतः स्पष्ट है कि जब यह कहा जाता है कि 'कार्बन सिंक' का विनाश हो रहा है तो इसका अर्थ होता है कि वनों का विनाश हो रहा है।

**7. निम्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में से कौन सा एक उत्तर प्रदेश की विशेषता का नहीं है?**

(a) बिहू (b) रसिया
(c) स्वांग (d) कव्वाली

**Ans : (a)** रसिया, स्वांग तथा कव्वाली उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रीय विशेष लोक संगीत है, जबकि बिहू असम का लोकनृत्य है।

**8. सबसे प्राचीन भारतीय साहित्य वेद हैं। कुल वेदों की संख्या_____है?**

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**Ans : (a)** वेदों की संख्या 4, वेदांगों की संख्या 6, तथा पुराणों की संख्या 18 है। सबसे प्राचीन वेद 'ऋग्वेद' तथा सबसे बाद का वेद 'अथर्ववेद' है। अन्य दो वेद 'यजुर्वेद' तथा 'सामवेद'।

**9. उत्तर प्रदेश में लगभग 18 प्रशासनिक मंडल हैं। लेकिन नीचे उल्लेख किये गये चार मंडल में से एक गलत मंडल को शामिल किया गया है उसे पहचानिये।**

(a) सहारनपुर मंडल (b) गाजियाबाद मंडल
(c) चित्रकूट मंडल (d) आजमगढ़ मंडल

**Ans : (b)** उत्तर प्रदेश में कुल 18 मण्डल तथा 75 जिले हैं। उत्तर प्रदेश के मण्डल निम्न है – (1) अलीगढ़ (2) आगरा (3) आजमगढ़ (4) इलाहाबाद (5) कानपुर (6) गोरखपुर (7) चित्रकूट (8) झांसी (9) देवीपाटन (10) फैजाबाद (11) बरेली (12) मीर्जापुर (13) मुरादाबाद (14) मेरठ (15) लखनऊ (16) वाराणसी (17) सहारनपुर (18) बस्ती। अतः स्पष्ट है कि गाजियाबाद मण्डल नहीं है।

**10. जलियाँवाला नरसंहार के बाद किसने अपनी नाइटहुड की उपाधि का त्याग कर दिया?**

(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(b) अरविंद घोष
(c) श्री एन. एन. सरकार
(d) आशुतोष मुखर्जी

**Ans : (a)** जलियाँवाला बाग अमृतसर (पंजाब) में स्थित है। इस स्थान पर 13 अप्रैल, 1919 को जनरल डायर के आदेश पर अंग्रेजी सेनाओं ने सत्यपाल और किचलू के गिरफ्तारी के विरोध में खड़े भारतीय प्रदर्शनकारियों के ऊपर अंधाधुंध गोलियाँ चलाकर बड़ी संख्या में उनकी हत्या कर दी। इस हत्याकाण्ड के विरोध में महात्मा गाँधी ने केसर-ए-हिंद की, रवीन्द्रनाथ टैगोर ने सर (नाइटहुड) की उपाधि को वापस कर दिया तथा शंकर नायर ने वायसराय के कार्यकारिणी पद से त्याग पत्र दे दिया।

**11. निम्न में से कौन-सा एक शहर वाला देश है?**

(a) सिंगापुर (b) कंबोडिया
(c) बहरीन (d) अर्जेण्टीना

**Ans : (a)** सिंगापुर एक शहर वाला देश है जो दक्षिण एशिया में मलेशिया और इंडोनेशिया के बीच में स्थित है। 54 छोटे-छोटे द्वीपों से मिलकर बने इस देश को सिंहों का देश भी कहा जाता है। यहाँ के ज्यादातर लोग अन्य देशों से आकर बसे है। अतः इस देश में कई वर्गो के लोग रहते हैं।

**12. हृदय रोग विशेषज्ञ ने_______का रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए रोगी पर ECG किया।**

(a) हृदय की गति
(b) शरीर में संचारित हो रहे रक्त की मात्रा
(c) हृदय के आवेग का प्रवाह
(d) वेंट्रिक्यूलर की घड़कन का दर

**Ans : (a)** हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा हृदय की गति का रिकार्ड दर्ज करने के लिए ECG (Electro Cardio gram) का प्रयोग किया जाता है।

**13. पुष्प पौधों में युग्मनज का निर्माण_______के अंत में होता है।**

(a) परागण (b) निषेचन
(c) वीजा निर्माण (d) अंकुरण

**Ans : (b)** पुष्प पौधों में युग्मनज का निर्माण निषेचन के अंत में होता है। निषेचन प्रजनन की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण घटना है। यह प्रक्रिया युग्मक संलयन कहलाती है। इसके संलयन के पश्चात युग्मनज (Zygots) का निर्माण होता है जो द्विगुणित होता है।

**14. भारत की स्वतंत्रता के पश्चात शीघ्र ही किस भारतीय नेता ने रियासतों को भारत में शामिल होने के लिए राजी किया?**

(a) बिपिन चंद्र पाल
(b) महात्मा एम. के. गाँधी
(c) दादाभाई नौरोजी
(d) सरदार वल्लभ भाई पटेल

**Ans : (d)** सरदार वल्लभ भाई पटेल (जन्म 31 अक्टूबर, 1875ः मृत्यु 15 दिसंबर, 1950) प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री थे। भारत की आजादी के बाद लगभग 562 देशी रियासते थी जिनका एकीकरण सरदार पटेल ने अपनी कुशल कूटनीति के बल पर किया। इसी उपलब्धि के कारण इन्हे 'लौह पुरुष' की उपाधि से सम्मानित किया गया।

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सॉफ्टवेयर नहीं है?**

(a) Excel (b) MS Word
(c) विंडोज (d) थंब ड्राइव

**Ans : (d)** Excel, MS Word तथा विंडोज (Windows) सॉफ्टवेयर हैं, जबकि थंब ड्राइव एक हार्डवेयर है जिसका प्रयोग डाटा स्थांतरित करने या संग्रह करने के काम में होता है।

**16. हमारे देश के दो राज्यों की राजधानी हैः**

(a) आइजोल (b) चंडीगढ़
(c) गुवाहाटी (d) रांची

**Ans : (b)** चंडीगढ़ भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है जो तीन ओर से पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश से लगा हुआ है। यह दो राज्य (हरियाणा तथा पंजाब) की राजधानी है।

**17. एक भारतीय प्रबंधन संस्थान यू.पी. में है? यह ______में स्थित है।**

(a) इलाहाबाद (b) वाराणसी
(c) कानपुर (d) लखनऊ

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश में एक भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) लखनऊ में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1984 में भारत सरकार द्वारा की गयी।

**18. मुगल साम्राज्य को मजबूत बनाने में बाबर और हुमायूं के प्रयास में निम्नलिखित में से किस एक की प्रतिभा के बिना कुछ भी नहीं हैं?**

(a) जहाँगीर
(b) औरंगजेब
(c) अकबर
(d) बहादुर शाह जफर

**Ans : (c)** बाबर ने लोदी वंश के शासक इब्राहिम लोदी को 1526 ई. में पानीपत के प्रथम युद्ध में पराजित करके मुगल राजवंश की नींव रखी लेकिन साम्राज्य को मजबूती प्रदान करने के लिए बाबर को समय नहीं मिला और 1530 ई. में इसकी मृत्यु हो गई। बाबर के पुत्र हुमायूं ने बाबर के बाद मुगल शासन की बागडोर संभाली लेकिन शेरशाह सूरी ने इसे कई बार पराजित किया तथा 1540 ई. में कन्नौज के युद्ध में हुमायूं को मैदान छोड़कर भागना पड़ा। लगभग 15 वर्ष बाद दुबारा हुमायूं ने गद्दी प्राप्त की परन्तु जल्दी ही इसकी मृत्यु हो गई। हुमायूं के 15 वर्ष के निर्वासन के दौरान हुमायूं की पत्नी हमीदा बानो बेगम के गर्भ से अकबर जैसे पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई जिसने आगे चलकर मुगल राजवंश को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ प्रजाहित में अनेक कार्य किये। अकबर ने अपने लम्बे शासनकाल में मुगल राजवंश के विस्तार तथा प्रशासनिक सुधार सम्बन्धित कई कार्य किये। इस प्रकार कहा जा सकता है कि बाबर ने मुगल वंश की नींव रखी जिसे हुमायूं के पुत्र अकबर ने मजबूती प्रदान की।

**19. भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्रता दिलाने के लिए राष्ट्रवादी संघर्ष में शामिल होने के लिए किसने ICS जैसे एक शानदार कैरियर का त्याग कर दिया?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) महात्मा गाँधी
(c) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (d) मोहम्मद अली जिन्ना

**Ans : (c)** सुभाष चन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में ओडिशा के कटक नामक स्थान पर हुआ था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी शक्तियों के विरुद्ध 'आजाद हिन्द फौज' का नेतृत्व करने वाले बोस एक भारतीय क्रान्तिकारी थे जिनको ससम्मान 'नेताजी' भी कहा जाता है। सन् 1920 में बोस ने 'इंडियन सिविल सर्विस' की परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन अप्रैल 1921 ई. में नौकरी से त्यागपत्र देकर भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्रता दिलाने के लिए राष्ट्रवादी संघर्ष में शामिल हो गये।

**20. अंग्रेजो ने सूरत में अपनी पहली फैक्ट्री किसकी अनुमति से स्थापित की थी?**

(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**Ans : (b) (1)** मुगल दरबार में आने वाला प्रथम अंग्रेज कैप्टन हॉकिन्स था, जो जेम्स प्रथम के राजदूत के रूप में अप्रैल, 1609 में जहाँगीर के दरबार में गया था।
**(2)** 1611 ई. में द.पू. समुद्र तट पर सर्वप्रथम अंग्रेजों ने मसूलीपट्टम में व्यापारिक कोठी की स्थापना की।
**(3)** अंग्रेजों ने सूरत में अपनी पहली स्थायी फैक्ट्री जहाँगीर की अनुमति से 1613 ई. में स्थापित किया।

**21. मुगल काल में भूमि की माप की प्रथा निम्न में से किस शासक ने शुरू की?**

(a) अकबर (b) शेरशाह
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**Ans : (b)** मुगल काल में भूमि की माप की प्रथा शेरशाह नामक शासक ने शुरू की।
शेरशाह ने भूमि माप के लिए 39 अंगुल था 32 इंच वाला सिकन्दरी गज एवं सन की डांडी का प्रयोग किया।

**22. निम्न में से कौन सा 1857 की क्रान्ति का कारण नहीं था?**

(a) लार्ड डलहौजी की अपहरण की नीति
(b) सैनिकों को सुअर एवं गाय की चर्बी के कारतूस देना
(c) भारतीयों का संगठित एवं शक्तिशाली होना
(d) भारतीयों का आर्थिक शोषण

**Ans : (c)** 1857 की क्रान्ति का कारण राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, सैनिक विद्रोह तथा अन्य तात्कालिक कारण थे जैसे लार्ड डलहौजी की हड़प नीति, सैनिकों को सुअर एवं गाय की चर्बी के कारतूस देना एवं भारतीयों का आर्थिक शोषण आदि। जबकि-भारतीयों का संगठित एवं शक्तिशाली होना 1857 की क्रान्ति का कारण नहीं था।

**23. संस्कृत किस प्रदेश की दूसरी राजकीय भाषा है?**

(a) कर्नाटक (b) उत्तर प्रदेश
(c) बिहार (d) उत्तराखण्ड

**Ans : (d)** संस्कृत उत्तराखण्ड राज्य की दूसरी राजकीय भाषा है जबकि उत्तर प्रदेश की दूसरी राजकीय भाषा उर्दू है।

**24. दिलवाड़ा जैन मन्दिर है**

(a) माउन्ट आबू में अरावली पर्वत पर
(b) सिन्धु के किनारे
(c) खजुराहो में
(d) नीलगिरि पहाड़ियों पर

**Ans : (a)** सोलंकी शासक भीमदेव प्रथम के मंत्री विमलशाह ने दिलवाड़ा के जैन मंदिर का निर्माण माउंट आबू में अरावली पर्वत (राजस्थान) पर करवाया। यह ग्रेनाइट के काले संगमरमर पत्थरों से बना मन्दिर है।

**25. पेंगुइन पक्षी कहाँ पाया जाता है?**

(a) अफ्रीका में (b) उत्तरी अमेरिका में
(c) अण्टार्कटिका में (d) दक्षिण अमेरिका में

**Ans : (c)** पेंगुइन पक्षी अण्टार्कटिका में पाया जाता है। अंटार्कटिका महाद्वीप विश्व का पांचवां बड़ा महाद्वीप है, यह दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है, सूर्य के उत्तरायण के बाद अंटार्कटिका में छः महीने तक रात्रि होती है जबकि सूर्य के दक्षिणायन के बाद यहाँ छः महीने तक दिन रहता है। लाइकेन और मॉस यहाँ की मुख्य वनस्पति हैं।

**26. नेवेली निम्न में से किस वस्तु की खानों के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) हीरा (b) सोना
(c) लिग्नाइट (d) चूने का पत्थर

**Ans : (c)** नेवेली, लिग्नाइट कार्पोरेशन लिमिटेड (NLC) भारत सरकार की लिग्नाइट खनन और पावर उत्पादन कम्पनी है इसका मुख्यालय चेन्नई (भारत) में है, इसकी शुरूआत 1956 में की गई।

**27. भारत का आर्थिक सर्वेक्षण प्रत्येक वर्ष सरकारी तौर पर प्रकाशित किया जाता है**

(a) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा
(b) भारतीय योजना आयोग द्वारा
(c) भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा
(d) भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय द्वारा

**Ans : (c)** भारत का आर्थिक सर्वेक्षण प्रत्येक वर्ष सरकारी तौर पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है। इनमें विगत 12 माह में भारतीय अर्थव्यवस्था के घटनाक्रमों की समीक्षा की जाती है। यह प्रमुख विकास कार्यक्रमों के निष्पादन का सार प्रस्तुत करता है और सरकार की नीतिगत पहलुओं तथा अल्पावधि से मध्यावधि में अर्थव्यवस्था की संभावनाओं पर विधिवत प्रकाश डालता है। इन दस्तावेजों को बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में पेश किया जाता है।

**28. डा. अमर्त्य कुमार सेन को नोबेल पुरस्कार उनके निम्न में से किस एक के योगदान के अभिज्ञान में दिया गया था?**

(a) श्रम अर्थशास्त्र (b) विपणन अर्थशास्त्र
(c) मौद्रिक अर्थशास्त्र (d) कल्याणकारी अर्थशास्त्र

**Ans : (d)** डॉ. अमर्त्य सेन को नोबल पुरस्कार 1998 ई. में कल्याणकारी अर्थशास्त्र के लिए दिया गया, इनका जन्म कोलकाता के शांति निकेतन में हुआ था। वर्ष 2023 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन (Claudia Goldin) को दिया गया।

**29. भारतीय संविधान के अन्तर्गत कानून के समक्ष समानता के सन्दर्भ में अपवाद किसके सन्दर्भ में है?**

(a) राष्ट्रपति या राज्यपाल
(b) केवल सम्प्रभु विदेशी के लिए
(c) केवल राष्ट्रपति के लिए
(d) किसी के लिए नहीं

**Ans : (d)** कानून के समक्ष समता का अर्थ है कि राज्य, सभी व्यक्ति के लिए एक समान कानून बनायेगा तथा उन पर एक समान लागू करेगा। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 'विधि के समक्ष समानता' का अधिकार देता है। यह एक मौलिक अधिकार है। यह अनुच्छेद भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर भारतीय नागरिकों एवं विदेशी दोनों के लिए समान व्यवहार का उपबंध करता है।

**30. 'इको मार्क' किसी उत्पाद पर दिये गये इस प्रमाणन का चिन्ह होता है कि यह उत्पाद**

(a) अच्छी किस्म का है
(b) किफायती कीमत वाला है
(c) पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल है
(d) नष्ट होने वाला नहीं है

**Ans : (c)** इको मार्क पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल उत्पाद पर लगाये गये प्रमाणन का चिन्ह है। इको मार्क पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के निर्देश पर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 1991 ई0 में आरम्भ किया गया, इसका लोगों '' मिट्टी का बर्तन'' है, जो पृथ्वी द्वारा भंगुर लक्षणों को दर्शाता है।

**31. विश्व पर्यावरण दिवस निम्नलिखित में से किस तारीख को मनाया जाता है?**

(a) 5 जून (b) 2 अक्टूबर
(c) 10 नवम्बर (d) 19 नवम्बर

**Ans : (a)** विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। 5 जून 1972 में पर्यावरण सुरक्षा हेतु विश्वव्यापी स्तर पर प्रथम प्रयास, संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में स्टॉकहोम में किया गया। इस सम्मेलन में ही प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

**32. मानव शरीर में रक्त का थक्का विटामिन से जमता है?**

(a) विटामिन के (b) विटामिन डी
(c) विटामिन ई (d) विटामिन सी

**Ans : (a)** मानव शरीर में रक्त का थक्का विटामिन (k) से जमता है। विटामिन (k) का स्रोत टमाटर, हरी सब्जियाँ है।
विटामिन (डी) की कमी से सूखा (रिकेट्स) रोग होता है, इसका स्रोत मछली युक्त तेल, दूध, अंडा आदि।
विटामिन (E) की कमी से जनन शक्ति कमजोर होती है, पत्ती वाली सब्जियों दूध, मक्खन, अंकुरित गेहूँ, वनस्पति तेल से प्राप्त होती है। विटामिन (C) की कमी से स्कर्वी एवं मसूढ़े का फूलना रोग होता है इसका स्रोत नीबू, संतरा, नारंगी, टमाटर, खट्टे फल आदि।

**33. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार पुरूष-स्त्री अनुपात के बारे में कौन सा युग्म सही है?**

(a) 1000 पुरूष : 940 स्त्री
(b) 1000 पुरूष : 933 स्त्री
(c) 1000 पुरूष : 929 स्त्री
(d) 1000 पुरूष : 937 स्त्री

**Ans : (a)** जनगणना 2011 के अनुसार भारत का स्त्री-पुरूष अनुपात 943 (अंतरिम 940) है तथा बच्चों के लिए स्त्री-पुरूष अनुपात 919 है, 2001 की जनगणना में स्त्री-पुरुष अनुपात 933 था।

**34. 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक निरक्षरता वाला राज्य है**

(a) बिहार (b) मध्य प्रदेश
(c) उड़ीसा (d) उत्तर प्रदेश

**Ans : (a)** 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक निरक्षरता वाला राज्य बिहार है। (1) बिहार (61.8%) (2) अरूणाचल प्रदेश (65.4%) (3) राजस्थान (66.1%) (4) झारखंड (66.4%) (5) आन्ध्र प्रदेश (तेलांगना सहित) (67%) साक्षरता है।

**35. 'विंग्स आफ फायर' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) विक्रम सेठ (b) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(c) अरून्धती राय (d) एम.जे. अकबर

**Ans : (b)** 'विजन 2020' तथा 'विग्स आफ फायर' पुस्तक के लेखक ए. पी. जे. अब्दुल कलाम है। अब्दुल कलाम भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक थे इन्हें 'मिसाइल मैन' भी कहा जाता है।
27 जुलाई 2015 को शिलांग में एक लेक्चर देते समय इनकी मृत्यु हो गई।

**36. 'सत्यमेंव जयते' शब्द कहाँ से लिया गया है?**

(a) मनुस्मृति (b) भगवद्गीता
(c) ऋग्वेद (d) मुण्डको उपनिषद

**Ans : (d)** सत्यमेव जयते शब्द मुण्डकोपनिषद से लिया गया। यह भारत का आदर्श वाक्य है यह राष्ट्रीय प्रतीक के नीचे लिखा हुआ है। भारत के राष्ट्रीय प्रतीक को सारनाथ (वाराणसी) के अशोक स्तम्भ से लिया गया है।

**37. सन्त कबीर दास की समाधि स्थित है**

(a) कुशीनगर (b) मगहर
(c) देवीपाटन (d) चित्रकूट

**Ans : (b)** सन्त कबीर दास की मृत्यु मगहर में हुई उस समय मान्यता थी कि मगहर में व्यक्ति की मृत्यु हो तो व्यक्ति को नरक मिलता है जबकि काशी में मृत्यु होती है तो स्वर्ग प्राप्त होता है।

**38. 1 GB किस के बराबर है?**

(a) 10 MB (b) 100 MB
(c) 1000 MB (d) 10000 MB

**Ans : (c)** 1 बाइट = 8 बिट
1 किलोवाइट = 1024 बाइट
1 मेगा वाइट = 1024 किलोबाइट
1 गीगाबाइट = 1024 मेगा बाइट $\approx$ 1000 MB
1 टेराबाइट = 1024 गीगाबाइट

**39. अल्फ्रेड नोबेल ने किसका आविष्कार किया?**

(a) माइक्रोफोन का (b) टाइपराइटर का
(c) डायनामाइट का (d) ग्रामोफोन का

**Ans : (c)** अल्फ्रेड नोबेल स्वीडन के वैज्ञानिक थे। इन्होंने 1967 ई. में डायनामाइट की खोज की। इन्हीं के नाम में प्रत्येक वर्ष नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

**40. निम्नलिखित में कौन बायो-डीजल पौधा है?**

(a) जावा घास (b) रतन जोत
(c) गुग्गुल (d) रोशा घास

**Ans : (b)** जेट्रोफा (रतनजोत) एक बायो-डीजल का पौधा है।

**41. उत्तर प्रदेश का 'चरकुला' क्या है?**

(a) बुंदेलखंड क्षेत्र की मूल निवासी एक जंगली बिल्ली
(b) अवध क्षेत्र की उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी
(c) लखनऊ क्षेत्र का पारंपरिक कढ़ाई हस्तशिल्प
(d) ब्रज क्षेत्र का पारंपरिक लोक नृत्य

**Ans. (d) :** चरकुला, उत्तर प्रदेश के ब्रज (मथुरा) क्षेत्र में किया जाने वाला एक पारंपरिक लोक नृत्य है। इस नृत्य में कृष्ण जी और राधा पर आधारित गीतों पर महिलाएं वृत्ताकार लकड़ी के पिरामिडों को संतुलित करती हुई तेल के दीपक को अपने सिर पर रखकर नृत्य करती हैं।

**42. सर सैयद अहमद खान ने निम्नलिखित में से किस संगठन को स्थापित किया?**

(a) ख़िलाफ़त आंदोलन
(b) इंडियन नेशनल एसोसिएशन
(c) ऑल इंडिया मुहम्मडन एजुकेशनल कॉन्फ्रेंस
(d) अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमिन

**Ans. (c) :** शिक्षा के विकास के लिए सर सैयद अहमद खान ने अनेक संस्थायें खोली जिसमें 1875 ई. में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कालेज की स्थापना प्रमुख है। यह संस्था 1920 ई. से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के नाम से प्रसिद्ध है। सर सैयद अहमद खान ने 1886 ई. में ऑल इंडिया मुहम्मडन एजुकेशन कॉन्फ्रेंस का गठन किया था।

**43. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य कौन सा है?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) महाराष्ट्र
(c) बिहार (d) उत्तर प्रदेश

**Ans. (d) :** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में सबसे अधिक आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। सर्वाधिक जनसंख्या वाले प्रमुख 4 राज्य निम्नलिखित हैं–

(1) उत्तर प्रदेश
(2) महाराष्ट्र
(3) बिहार
(4) पश्चिम बंगाल

**नोट–**सर्वाधिक जनसंख्या वाला केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली है।

**44. भारतीय संविधान का कौन सा भाग सभी न्यायिक मामलों में अधिक क्षेत्र वाली एक एकीकृत न्यायपालिका के प्रावधान को प्रतिष्ठापित करता है?**

(a) भाग XX (b) भाग II
(c) भाग III (d) भाग V

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान का भाग V सभी न्यायिक मामलों में अधिक क्षेत्र वाली एक एकीकृत न्यायपालिका के प्रावधान को प्रतिष्ठापित करता है।

**45. निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्मारक का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन इल्तुतमिश द्वारा समाप्त किया गया?**

(a) चारमीनार (b) लाल किला
(c) ताज महल (d) कुतुब मीनार

**Ans. (d) :** कुतुबुद्दीन ऐबक ने कुतुब मीनार का निर्माण प्रारम्भ करवाया था एवं इल्तुतमिश ने कुतुब मीनार को बनवाकर पूरा किया। कुतुब मीनार लाल और सेंड स्टोन से बनी भारत की सबसे ऊँची मीनार है।

**46. उत्तर प्रदेश में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) लखनऊ (b) कानपुर
(c) झांसी (d) वाराणसी

**Ans. (d) :** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्थित एक संस्कृत विश्वविद्यालय है।

**47. संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवाधिकार दिवस के रूप में निम्नलिखित में से कौन सा दिन मनाया जाता है?**

(a) 16 जून (b) 10 दिसम्बर
(c) 11 जनवरी (d) 05 सितंबर

**Ans. (b) :** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की स्थापना 1946-47 ई. में आर्थिक एवं सामाजिक परिषद की एक कार्यात्मक समिति द्वारा की गई। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार दिवस प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को मनाया जाता है।

**48. ऐम्पीयर मात्रक है:**

(a) चुम्बकीय क्षेत्र का (b) विद्युत आवेश का
(c) प्रकाश तीव्रता का (d) विद्युत धारा का

**Ans. (d) :** विद्युत धारा का S.I. मात्रक ऐम्पियर है। यह एक अदिश राशि है।

**49. अवतल दर्पण के सामने वस्तु को कहां रखा जाना चाहिए कि वस्तु का प्रतिबिम्ब वस्तु के समान आकार का बने?**

(a) फोकस F पर
(b) फोकस F और ध्रुव P के बीच
(c) वक्रता C और फ़ोकस F के बीच
(d) वक्रता केंद्र C पर

**Ans. (d) :** अवतल दर्पण के सामने वस्तु का प्रतिबिम्ब वस्तु के समान आकार का प्राप्त करने के लिए वस्तु को वक्रता केन्द्र 'C' पर रखा जाना चाहिए। इस प्रकार बना हुआ प्रतिबिम्ब वास्तविक और उल्टा होगा।

**50. प्रांतीय विधानसभाओं में चुनावी/सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग (AIML) के बीच निम्नलिखित में से किस कांग्रेस अधिवेशन में कांग्रेस-लीग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे?**

(a) भोपाल अधिवेशन (b) लखनऊ अधिवेशन
(c) बंबई अधिवेशन (d) अहमदाबाद अधिवेशन

**Ans. (b) :** कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन (1916) में प्रांतीय विधानसभाओं में चुनावी/सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के बीच कांग्रेस-लीग समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। कांग्रेस की तरफ से बाल गंगाधर तिलक तथा लीग की तरफ से मुहम्मद अली जिन्ना ने इस समझौते का प्रतिनिधित्व किया।

## खण्ड-ब (हिन्दी भाषा)

**51. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही संधि–विच्छेद वाला विकल्प है।**
**अत्यधिक**

(a) अ + त्याधिक (b) अति + अधिक
(c) अत्य + अधिक (d) अत + अधिक

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में अत्यधिक का संधि–विच्छेद 'अति + अधिक' है जो यण् स्वर संधि का उदाहरण है। यण स्वर संधि के अन्तर्गत यदि 'इ' 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आये, तो 'इ-ई' का 'य्', 'उ–ऊ' का 'व्' और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है। **जैसे** – अति + अधिक → अत्यधिक
(ई) + (अ) → य
अति + आवश्यक → अत्यावश्यक
(इ) + (आ) → या

**गद्यांश**-

घोड़ों की टापों की आवाज सुनकर ममता भयभीत हो गई। पथिक ने कहा, ''वह स्त्री कहाँ गई है उसे खोज निकालो।'' ममता छिपने के लिए अधिक सचेत हुई। वह मृगदाव में चली गई। दिनभर उसमें से न निकली। संध्या में जब उन लोगों के जाने का उपक्रम हुआ, तो ममता ने सुना, पथिक घोड़े पर सवार होते हुए कह रहा था, ''मिरजा! उस स्त्री को मैं कुछ न दे सका, उसका घर बनवा देना, क्योंकि मैंने विपत्ति में यहाँ विश्राम पाया था। यह स्थान भूलना मत।''

चौसा के मुगल-पठान युद्ध को बहुत दिन बीत गए। ममता अब सत्तर वर्ष की वृद्धा है। वह अपनी झोपड़ी में एक दिन पड़ी थी। उसका जीर्ण कंकाल खाँसी से गूँज रहा था। ममता ने जल पीना चाहा एक स्त्री ने सीपी से जल पिलाया। सहसा एक अश्वरोही झोंपड़ी के द्वार पर दिखाई पड़ा, मीरजा ने जो चित्र बनाकर दिया था इसी जगह का होना चाहिए। बुढ़िया मर गई होगी अब किससे पूछूँ कि एक दिन शहंशाह हुमायूँ ने किस छप्पर के नीचे विश्राम किया था।

**उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**52. निम्नलिखित में से बुढ़िया को क्या नहीं था–**

(a) बुढ़ापा (b) खाँसी
(c) कमजोरी (d) सामर्थ्य

**Ans : (d)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार बुढ़िया के पास सामर्थ्य नहीं था।

**53. अश्वारोही वहाँ क्यों आया था–**

(a) बुढ़िया को ढूँढने के लिए
(b) मिरजा की तलाश में
(c) बुढ़िया के छप्पर को ढूँढने
(d) वहाँ विश्राम करने के लिए

**Ans : (c)** अश्वारोही वहाँ बुढ़िया के छप्पर को ढूढ़ने आया था।

**54. गद्यांश में पथिक किसे कहा है–**

(a) मिरजा को (b) मुगलयोद्धा को
(c) ममता को (d) हुमायूँ को

**Ans : (d)** उपर्युक्त गद्यांश में पथिक हुमायूँ को कहा गया है।

**55. हुमायूँ में कौन-सा गुण था–**

(a) कृतज्ञता (b) न्यायप्रियता
(c) कृपणता (d) विश्वसनीयता

**Ans : (a)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार हुमायूँ में कृतज्ञता का गुण था।

**56. ममता दिनभर बाहर क्यों नहीं निकली–**

(a) उसका घर नहीं था
(b) वह डरी हुई थी
(c) शरीर में शक्ति नहीं थी
(d) घायल थी

**Ans : (b)** घोड़ो की टापों की आवाज सुनकर ममता डर कर छिप गई और दिन भर बाहर नहीं निकली।

**57. 'भारत-भारती' के रचनाकार है–**

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(c) जयशंकर प्रसाद (d) माखनलाल चतुर्वेदी

**Ans : (a)** 'भारत–भारती' के रचनाकार भारत के राष्ट्रकवि/दद्दा मैथिलीशरण गुप्त जी हैं। इनके द्वारा रचित अन्य महत्त्वपूर्ण रचनाएँ– पंचवटी, साकेत, जयद्रथ वध, यशोधरा, द्वापर, झंकार, जय भारत आदि।

**58. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें, जो रेखांकित शब्दों के सही अव्यय के भेद हो–**
**सीता के <u>आगे</u> रमा खड़ी है–**

(a) क्रियाविशेषण अव्यय (b) सम्बन्धबोधक अव्यय
(c) समुच्चयबोधक अव्यय (d) विस्मयादिबोधक अव्यय

**Ans : (b)** 'सीता के आगे रमा खड़ी है' इस वाक्य में 'आगे' शब्द कालवाचक सम्बन्धबोधक अव्यय है। जिन शब्दों के रूप, लिंग, वचन और कारक से विकार रहित बने रहते हैं, उन्हें अव्यय/अविकारी शब्द कहते हैं। वे अव्यय, जिनसे संज्ञा या सर्वनाम का सम्बन्ध वाक्य के दूसरे शब्दों से जाना जाता है, सम्बन्ध बोधक अव्यय कहलाते हैं।

**59. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो अशुद्ध वाक्य के शुद्ध रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।**
**घूमना सुबह अच्छा है।**

(a) घूमना अच्छा है सुबह (b) घूमना सुबह है अच्छा
(c) सुबह अच्छा है घूमना (d) सुबह घूमना अच्छा है।

**Ans : (d)** 'सुबह घूमना अच्छा है।' – यह वाक्य दिये गये सारे विकल्पों में सर्वाधिक शुद्ध रूप में प्रस्तुत है।

**60. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि नीचे दिए गए छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ है–**
**करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेश की। हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण – मूर्ति सर्वेश की।**

(a) 15 से 14 के क्रम से 28
(b) पहले और तीसरे में 12
(c) प्रत्येक चरण में 24
(d) प्रत्येक चरण में 24

**Ans : (a)** दिये गये छन्द 'करते .......... सर्वेश की।' के प्रत्येक चरण में 15 से 14 के क्रम 28 मात्राएँ प्रयुक्त हैं।

**61. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है–**
**अंक भरना**

(a) रो पड़ना (b) गले लगाना
(c) बदल जाना (d) मूर्ख बनाना

**Ans : (b)** 'अंक भरना' मुहावरे का सही अर्थ 'गले लगाना' है। 'स्नेह से लिपटा लेना' इस मुहावरे का सटीक अर्थ है किन्तु दिये गये विकल्पों में 'गले लगाना' सर्वाधिक उपयुक्त है।

**62. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि –**
**संयोग और वियोग किस रस के रूप है?**

(a) वात्सल्य (b) भयानक
(c) शृंगार (d) अद्भुत

**Ans : (c)** 'संयोग और वियोग' शृंगार रस के रूप हैं। वस्तुतः नायक–नायिका के सौन्दर्य और प्रेम सम्बन्धी वर्णन की परिपक्व अवस्था को शृंगार रस कहते हैं। शृंगार के दो भेद है– जहाँ नायक नायिका की संयोगावस्था का उल्लेख है वहाँ संयोग शृंगार तथा जहाँ नायक नायिका की वियोगावस्था का चित्रण है वहाँ वियोग शृंगार होता है।

**63. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन वाला सही विकल्प है।**
**पिता जी पत्र पढ़ रहे है। (कर्मवाच्य)**

(a) पत्र, पिता जी द्वारा पढ़ा गया
(b) पिता जी ने पत्र पढ़ा
(c) पिता जी से पत्र पढ़ा जा रहा है
(d) पिता जी पत्र पढ़ रहे हैं

**Ans : (c)** प्रश्न में दिये गये चारों विकल्पों में से वाक्य परिवर्तन वाला सही रुप है-'पिता जी से पत्र पढ़ा जा रहा है।' जिस वाक्य में क्रिया के कर्म की प्रधानता होती है वहाँ कर्मवाच्य होता है।

**64. योजक चिह्न का सही उदाहरण कौन सा है?**

(a) शिवाजी और शिवेश भाई–बहन है
(b) हेमा, गुनगुन, माया सहेलियाँ है
(c) रोहन ने कहा – मुझे पढ़ाई करनी है
(d) मैं घूमने जा रही हूँ

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों 'शिवजी और शिवेश भाई–बहन है।' इस वाक्य में योजक चिह्न भाई और बहन के मध्य लगा हुआ है जो उचित है। योजक चिह्न सामान्यतः दो शब्दों को जोड़ता है और दोनों को मिलाकर एक समस्त पद बनाता है, लेकिन दोनों का स्वतंत्र अस्तित्व बना रहता है; **जैसे**- माता-पिता।

**65. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, दिए गए शब्द के सही समास वाला विकल्प पहचानिये।**
**सप्तसिंधु।**

(a) सात सिन्धों का समूह (b) सात सिन्धुओं का समूह
(c) सात सिन्धुओं का समूह (d) सात नदियों का समूह

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में 'सप्तसिंधु' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प 'सात नदियों का समूह' है क्योंकि समास विग्रह करने पर 'सप्त + सिन्धु' प्राप्त होता है जिसके अन्तर्गत 'सप्त' का शाब्दिक अर्थ सात' और 'सिन्धु' का शाब्दिक अर्थ 'नदी/सागर' होता है।

**66. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए है जिनमें से उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द/वाक्य का सबसे अच्छा 'एक शब्द' विकल्प है।**
**उपकार को मानने वाला**

(a) कृतज्ञ (b) कृतघ्न
(c) परोपकारी (d) धर्मज्ञ

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'उपकार को मानने वाला' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त एक शब्द 'कृतज्ञ' कहलाता है। शेष शब्दों के लिए उपयुक्त वाक्यांश निम्नवत् हैं-
उपकार को न मानने वाला- कृतघ्न
धर्म को जानने वाला- धर्मज्ञ
परोपकार करने वाला-परोपकारी

**67. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक शब्द दिए गए अनेकार्थी शब्द का एक अर्थ है। उस शब्द को चुनें–**
**कनक**

(a) सोना (b) चाँदी
(c) चावल (d) कंगन

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'कनक' का सर्वाधिक उपयुक्त अनेकार्थी शब्द 'सोना' है। 'कनक' के अन्य अनेकार्थी शब्द धतूरा, गेहूँ, पलाश इत्यादि हैं।

**68. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, रेखांकित पद के उचित कारक को पहचानिये।**
**<u>बोतल</u> में दूध बचा है।**

(a) सम्बोधन कारक (b) अधिकरण कारक
(c) सम्बन्ध कारक (d) कर्म कारक

**Ans : (b)** 'बोतल में दूध बचा है' रेखांकित पद के लिए सर्वाधिक उचित कारक 'अधिकरण कारक' है। संज्ञा के जिस रूप से क्रिया के आधार का बोध हो, उसे अधिकरण कारक कहते हैं। यहाँ दूध का आधार 'बोतल' है, अतः यहाँ अधिकरण कारक प्रयुक्त है।

**69. निम्नलिखित प्रश्न में , चार विकल्पों में से, क्रिया का सही रूप वाला विकल्प पहचानिए।**
**स्कूल बस पांच मिनट .......... । (आना - सामान्य भविष्यत् काल)**
(a) में आ गई
(b) में आएगी
(c) में आ के गई
(d) में आ के चली गई

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में क्रिया का सही रूप वाला विकल्प 'में आएगी' है। चूंकि कोष्ठक में सामान्य भविष्यत् काल संकेतित है। अतः सम्यक् पूर्ण वाक्य है–
स्कूल बस पाँच मिनट में आएगी।

**70. निम्नलिखित प्रश्न में, वाक्य के संरचना के आधार पर उनके भेद बताइये।**
**रवि दीवार रंगने लगा है।**
(a) कृदंत क्रिया (b) पूर्वकालिक क्रिया
(c) नामधातु (d) संयुक्त क्रिया

**Ans : (c)** 'रवि दीवार रंगने लगा है' ये संयुक्त क्रिया है। जो क्रिया दो या दो से अधिक धातुओं के मेल से बनती है उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं।

**71. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का सही स्त्रीलिंग वाला विकल्प है–**
**हंस**
(a) हंसिनी (b) हंसीनी
(c) हंसी (d) हंसिया

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'हंस' शब्द का सही स्त्रीलिंग वाला विकल्प 'हंसिनी' है।

**72. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, दिए गए शब्द का सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प चुनिए।**
**कुम्हार**
(a) कुम्हारी (b) कुम्हारिन
(c) कॉमह्रि (d) कुम्हरईन

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'कुम्हार' शब्द का सही स्त्रीलिंग विकल्प 'कुम्हारिन' है।

**73. नीचे दिए गए शब्द का सही बहुवचन रूप वाला विकल्प पहचानिए**
**चुटिया**
(a) चुटियाँ (b) चुटियों
(c) चुटियो (d) चटियाये

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'चुटिया' शब्द का सही बहुवचन रूप 'चुटियाँ' है। आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के या के अंत में केवल अनुनासिक लगाकर बहुवचन बनाते हैं। **जैसे**– डिबिया – डिबियाँ चुटिया – चुटियाँ आदि।

**74. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो सही पूर्ण रूपेण वर्ण–विच्छेद वाला है।**
**कृपण**
(a) करी + प + ण
(b) क + ऋ + प + आ + ण
(c) क + ऋ + प + आ + ण + अ
(d) क् + ऋ + प् + अ + ण् + अ

**Ans : (d)** 'कृपण' शब्द का सम्यक् रूपेण वर्ण विच्छेद निम्नलिखित है–
क् + ऋ + प् + अ + ण् + अ → कृपण
इसके अनुसार विकल्प (d) सर्वाधिक उपयुक्त है।

**75. निम्न चार विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द पहचानिये–**
(a) कृष्ण (b) क्रष्ण
(c) कृषण (d) कृश्ण

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'कृष्ण' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।

**76. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य में विशेषण शब्द की विशेषता प्रकट करता है।**
**इस पर्वतमाला में बहुत ऊँच–ऊँचे पहाड़ है।**
(a) इस (b) बहुत
(c) ऊँचे–ऊँचे (d) पहाड़

**Ans : (b)** जो शब्द विशेषण की विशेषता बताते हैं, प्रविशेषण कहलाते हैं। दिये गये वाक्य में 'बहुत' शब्द पहाड़ के विशेषण (ऊँचे–ऊँचे) की विशेषता बता रहा है। अतः यहाँ 'बहुत' प्रविशेषण है।

**77. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो**
**दिए गए वाक्य का सही विकल्प है।**
**सर्वनाम का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?**
(a) सबका नाम (b) दूसरों का नाम
(c) अपना नाम (d) संबंध का नाम

**Ans : (a)** 'सर्वनाम' का शाब्दिक अर्थ 'सबका नाम' है। वस्तुतः वाक्य में जिस शब्द का प्रयोग संज्ञा के बदले में होता है, सर्वनाम कहलाते हैं।

**78. इनमें से कौन-सी गजानन माधव मुक्तिबोध जी द्वारा रचित रचना नहीं है?**
(a) अंधा युग
(b) चाँद का मुँह टेढ़ा
(c) भूरी–भूरी खाक धूल
(d) नए साहित्यकार का सौंदय शास्त्र

**Ans : (a)** 'अंधा युग' धर्मवीर भारती की काव्य रचना है। शेष अन्य विकल्प गजानन माधव मुक्तिबोध द्वारा रचित काव्य या निबन्ध हैं।

**79. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि– पृथ्वीराज रासो किस लेखक की रचना है?**

(a) चन्दबरदाई (b) कल्हण
(c) वाल्मीकि (d) हर्ष वर्धन

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में पृथ्वीराज रासो के लेखक 'चन्दबरदाई' है। चंदवरदायी कृत 'पृथ्वीराज रासो' एक महत्त्वपूर्ण रासो काव्य है जिसमें चौहान वंश के शासक पृथ्वी राज चौहान की वीरता का वर्णन है।

**80. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि–सत्यार्थ प्रकाश उपन्यास के लेखक का नाम क्या है?**

(a) दयानन्द सरस्वती (b) अरबिंदो घोष
(c) भवभूति (d) हर्ष वर्धन

**Ans : (a)** 'सत्यार्थ प्रकाश' के लेखक दयानन्द सरस्वती हैं।

**81. हिन्दी साहित्य अकादमी की ओर से हर वर्ष शलाका सम्मान पुरस्कार किस क्षेत्र को दिया जाता है?**

(a) भाषा संस्कृति
(b) खेलकूद
(c) तकनीकी
(d) हिन्दी को नई दिशा प्रदान करने के लिए

**Ans : (d)** हिन्दी साहित्य अकादमी की ओर से दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान 'शलाका सम्मान' हिन्दी भाषा तथा साहित्य के क्षेत्र में समर्पित भाव से काम करने वाले विद्वानों तथा मूर्धन्य साहित्यकारों को प्रदान किया जाता है।

**82. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का सही समान अर्थ वाला शब्द है–**

**दुविधा**

(a) धर्मसंकट (b) यथातथ्य
(c) विस्तृत (d) होनहार

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'धर्मसंकट' दुविधा शब्द का सम्यक् समानार्थी शब्द है।

**83. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पो में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का सही समान अर्थ वाला शब्द है।**

**पत्थर**

(a) पाषाण (b) गिरि
(c) नभचर (d) निर्भय

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'पाषाण' पत्थर का सर्वाधिक उचित समानार्थी शब्द है।

**84. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो उपसर्ग से बना शब्द नहीं है–**

(a) पुनर्जन्म (b) कुधर्म
(c) आजीवन (d) दिखावा

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में 'दिखावा' शब्द उपसर्ग से बना शब्द नहीं है। अन्य शब्दों में क्रमशः 'पुनः', 'कु' तथा 'आ' उपसर्ग लगा है।

**85. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो प्रत्यय से बना है–**

(a) इंसान (b) मदद
(c) जादूगर (d) समझ

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों में 'जादूगर' शब्द है जो प्रत्यय से बना है। उर्दू तद्धित उपसर्ग 'गर' को 'जादू' शब्द के साथ जोड़कर 'जादूगर' शब्द बना है जिसका शाब्दिक अर्थ 'जादू वाला' है।

**86. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, दिए गए शब्द के विपरीत अर्थ वाला विकल्प चुनिए ।**

**स्वार्थ**

(a) परमार्थ (b) निःस्वार्थ
(c) विषाद (d) वरिष्ठ

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'निःस्वार्थ' स्वार्थ शब्द का सम्यक् विपरीतार्थक शब्द है।

**87. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए है जिनमें से उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए पद का सबसे उचित सामासिक युग्मपद है।**

**आचार**

(a) खाने की वस्तु
(b) विचार
(c) चाल–चलन
(d) अनादर

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'विचार' आचार शब्द का सर्वाधिक उपयुक्त सामासिक युग्मपद है, **जैसे** – आचार–विचार।

**88. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, अधिकरण कारक की विभक्ति पहचानिये।**

(a) रा, रे (b) से, के
(c) हे, अरे (d) में, पर

**Ans : (d)** दिये गये चार विकल्पों में से 'में, पर' अधिकरण कारक की विभक्ति है। संज्ञा के जिस रूप से क्रिया के आधार का बोध हो, उसे अधिकरण कारक कहते हैं। इसमें 'में, पर' परसर्ग लगते हैं। 'रा, रे, री' सम्बन्ध कारक के तथा 'हे!, अरे!' सम्बोधन कारक के विभक्ति चिह्न हैं।

**89. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है–**

**कि–**

**कौन-सा पुरुषवाचक सर्वनाम का भेद नहीं है।**

(a) अन्य पुरुष
(b) मध्यम पुरुष
(c) अतिउत्तम पुरुष
(d) उत्तम पुरुष

**Ans : (c)** 'अतिउत्तम पुरुष' पुरुषवाचक सर्वनाम का भेद नहीं है। शेष अन्य विकल्प पुरुषवाचक सर्वनाम का वर्गीकरण हैं। ध्यातव्य हो कि सर्वनाम के मूलतः छः भेद हैं-

(i) पुरुषवाचक सर्वनाम (ii) निश्चयवाचक सर्वनाम
(iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (iv) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(v) निजवाचक सर्वनाम (vi) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

**90. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि –**
**क्रिया भूतकाल से शुरू होकर अभी–अभी समाप्त हुई हो।**

(a) सामान्य भूतकाल (b) आसन्न भूतकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) पूर्ण भूतकाल

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'आसन्न भूतकाल' सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प है जो बताता है कि क्रिया भूतकाल से शुरू होकर अभी–अभी समाप्त हुई है।

**91. निम्नलिखित प्रश्न में, वाक्य के संरचना के आधार पर उसका भेद बताइये।**
**अनु ने देखकर निबंध लिखा।**

(a) कृदंत क्रिया (b) पूर्वकालिक क्रिया
(c) नामधातु (d) संयुक्त क्रिया

**Ans : (b)** वाक्य की संरचना के आधार पर दिये गये वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया प्रयुक्त होती है। जिस क्रिया का सिद्ध होना किसी दूसरी क्रिया के सिद्ध होने के पहले पाया और लिंग, वचन, पुरुष से प्रयुक्त न हो, उसे पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं। यहाँ 'देखने का कार्य' लिखने से पूर्व हो चुका है, अतः 'देखकर' पूर्वकालिक क्रिया है।

**92. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का सही स्त्रीलिंग शब्द है–**
**प्रबंधकर्ता**

(a) प्रबन्धकारती (b) प्रबंधकीन
(c) प्रबन्धकर्त्री (d) प्रबन्धकारती

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों में से प्रबन्धकर्ता का सही स्त्रीलिंग शब्द 'प्रबन्धकर्त्री' है।

**93. नीचे दिए गए शब्द का सही बहुवचन रूप वाला विकल्प पहचानिए–**

(a) नेते (b) नेतों
(c) नेताओं (d) नेता

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में नेता शब्द बहुवचन है।

**94. नीचे दिए गए शब्द का सही बहुवचन रूप वाला विकल्प पहचानिए–**

(a) ऋतुएँ (b) ऋतुओं
(c) ऋतुयों (d) ऋतुएं

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'ऋतुएँ' शब्द बहुवचन में सही रुप में है। इसका एकवचन 'ऋतु' होता है।

**95. स्वर रहित व्यंजन जब स्वर सहित व्यंजन से मिलता है तब क्या कहलाता है?**

(a) संयुक्ताक्षर (b) दि्वत्व
(c) तालव्य (d) स्वरतंत्रीय

**Ans : (a)** जब कोई स्वर रहित व्यंजन, स्वर सहित व्यंजन से योजित होता है, तब यह संयोग संयुक्ताक्षर के रूप में जाना जाता है। क्ष, त्र, ज्ञ, श्र – ये चार संयुक्ताक्षर व्यंजन वर्णमाला में शामिल हैं। इनका विवरण है-

क् + ष = क्ष ; त् + र = त्र ; ज् + ञ = ज्ञ ; श् + र = श्र

**96. कौन-सा व्यंजन नासिका द्वारा उच्चरित होता है?**

(a) ण (b) ज
(c) ड (d) द

**Ans : (a)** 'ण' व्यंजन नासिका द्वारा उच्चरित होते हैं। वर्णमाला में पाँच वर्ण हैं जिनका उच्चारण मुख और नासिका से होता है– ङ, ञ, ण, न, म और अनुस्वार।

**97. निम्न वाक्य विशेषण की किस अवस्था से है–**
**यह करेला कड़वा है।**

(a) उत्तरावस्था (b) मूलावस्था
(c) उत्तमावस्था (d) अधिकावस्था

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य में विशेषण 'कड़वा' मूलावस्था में विद्यमान है। ध्यातव्य हो कि विशेषण की तीन अवस्थाएँ मानी गयी हैं-

(i) मूलावस्था (ii) उत्तरावस्था (iii) उत्तमावस्था।

**98. तुलसीदास जी द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य का नाम क्या है?**

(a) रामचंद्रिका (b) रामचरितमानस
(c) अखरावट (d) चंद्रासार

**Ans : (b)** तुलसीदास द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य का नाम 'रामचरितमानस' है। रामचन्द्रिका 'केशवदास' और अखरावट प्रसिद्ध सूफी कवि 'मलिक मुहम्मद जायसी' द्वारा रचित काव्य रचनाएँ हैं।

**99. 'रंगभूमि' किस प्रसिद्ध लेखक द्वारा रचित उपन्यास है?**

(a) प्रेमचंद (b) हरिशंकर परसाई
(c) धर्मवीर भारती (d) विष्णु शर्मा

**Ans : (a)** 'रंगभूमि' प्रेमचन्द कृत प्रसिद्ध उपन्यास है जिसकी पृष्ठभूमि गाँधीवादी आन्दोलन से प्रेरित है। 'सूरदास' नामक पात्र इसका प्रमुख एवं प्रसिद्ध पात्र है।

**100. इनमें से कौन सी जयशंकर प्रसाद जी की प्रसिद्ध रचना है?**

(a) परिमल (b) नीरजा
(c) कामायनी (d) अनामिका

**Ans : (c)** 'कामायनी' छायावाद के स्तम्भ पुरुष जयशंकर प्रसाद का कालजयी रचना है जो कर्म–भोग–नाश की समरसता का वर्णन करती हुई आनन्दवाद पर बल देती है। यह 15 सर्गों में विभक्त है।

# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी
# संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023
## द्वितीय-प्रश्नपत्र (स्मृति आधारित)
### व्याख्या सहित हल


[परीक्षा तिथि : 15-06-2023]

## खण्ड-अ (अभिरूचि परीक्षण)

**1. एक विशिष्ट कोड में यदि PHONE को FRSLQ के रूप में कोड किया जाता है, तो उसी कोड में NUMBER कैसे लिखा जाएगा?**

(a) OVNCFS
(b) SIFQYO
(c) LVNCQS
(d) QDBLTM

**Ans. (b) :**




∴? = SIFQYO

**2. 456 और 204 का HCF या महत्तम समापवर्तक क्या है?**

(a) 6 (b) 8
(c) 12 (d) 24

**Ans. (c) :**
$456 = 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 19$
$204 = 2 \times 2 \times 3 \times 17$
HCF (456, 204) $= 2 \times 2 \times 3$
$= 12$

**3. $19^{144}$ का यूनिट या इकाई अंक क्या है?**

(a) 8 (b) 4
(c) 1 (d) 6

**Ans. (c) :**
$(19)^{144}$ का इकाई का अंक
$= (9)^{144}$ का इकाई का अंक
$= 9^{4\times36}$ का इकाई का अंक
$= 9^4$ का इकाई का अंक
$= 9^2 \times 9^2$
$= 81 \times 81$
$= 1$

**4. यदि आज शनिवार है, तो आज से 57 दिन के बाद सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?**

(a) रविवार
(b) मंगलवार
(c) बुधवार
(d) शुक्रवार

**Ans. (a) :** $\frac{57}{7} = 8\frac{1}{7}$

⇒ 8 पूर्ण सप्ताह +1 दिन
↓ ↓
⇒ शनिवार → रविवार

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प दूसरी जोड़ी को पहली जोड़ी के अनुसार सम्बन्ध बनाएगाः**

**FHJL : CEGI**

(a) LNPR : IKMO (b) ACEF : GIKL
(c) HQRT : FISX (d) HJLN : RTUW

**Ans. (a) :** जिस प्रकार,

F H J L
−3↓ −3↓ −3↓ −3↓
C E G I

उसी प्रकार,

L N P R
−3↓ −3↓ −3↓ −3↓
I K M O


**6. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे पद से वही संबंध साझा करता है जो दूसरा पद पहले पद से साझा करता है।**

**एथनोलॉजी : मानव जाति :: सेस्मोलॉजी : ––**

(a) चाँद (b) भूकंप
(c) सूर्य (d) तारे

**Ans : (b)** जिस प्रकार एथनोलॉजी में मानव जाति का अध्ययन किया जाता है। ठीक उसी प्रकार से सेस्मोलॉजी में भूकम्प तथा उसके कारणों एवं प्रभावों आदि का अध्ययन किया जाता है।

**7. निम्न वेन आरेख उन व्यापारियों के बारे में जानकारी दिखाता है जो व्यापार करते हैं।**





**कितने व्यापारी केवल गेहूँ और चने का व्यापार करते हैं?**

(a) 2 (b) 138
(c) 136 (d) 73

**Ans : (a)** दिए गए वेन आरेख से स्पष्ट है कि – केवल गेहूँ और चने का व्यापार करने वाले व्यापारियों की संख्या 2 है।

**8. निम्न वेन आरेख उन व्यापारियों के बारे में जानकारी दिखाता है जो व्यापार करते हैं।**




**केवल गेहूँ और चने के व्यापारियों की संख्या का, केवल चावल और गेहूँ के व्यापारियों के साथ क्या अनुपात है?**

(a) 1: 10 (b) 10:1
(c) 1:4 (d) 4:1


**Ans : (a)** यहाँ केवल, गेहूँ और चने के व्यापारियों की संख्या = 2
एवं केवल चावल एवं गेहूँ के व्यापारियों की संख्या = 20

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात = $\frac{2}{20} = \frac{1}{10}$ = 1 : 10

**9. अल्का और पलक बहनें हैं। मीनाक्षी ऋतिक की बहन है, जो पलक का बेटा है। अल्का ऋतिक की क्या लगती है?**

(a) मौसी (b) चचेरी बहन
(c) दादी (d) भतीजी

**Ans. (a)**




अतः अल्का, ऋतिक की मौसी है।

**10. चार विकल्पों में से विषम कौन-सा है?**

(a) ##25 (b) ##45
(c) ##20 (d) KM100

**Ans. (d)** विकल्प A, B और C में सांकेतिक भाषा # दिया गया है जबकि किवल्प 'D' में अंग्रेजी का अक्षर दिया गया है।
अतः विकल्प 'D' विषम है।

**11. एक निश्चित कोड में FAT को 9 और RAT को 13 के रूप में कोड किया गया है, तो उसी कोड में MAP का मान क्या होगा?**

(a) 17 (b) 10
(c) 5 (d) 11

**Ans. (b)** जिस प्रकार,

F A T
$6 + 1 + 20 = \frac{27}{3} = 9$


तथा,
R A T
$18 + 1 + 20 = \frac{39}{3} = 13$

उसी प्रकार,
M A P
$13 + 1 + 16 = \frac{30}{3} = 10$

**12. एक विशिष्ट कोड में यदि PERFUME को FNVGSFQ के रूप में कोड किया गया है, तो SCENT को कैसे कोड किया जाएगा?**

(a) UOFDT (b) TBFMS
(c) RBDOU (d) PBNOS

**Ans. (a)** जिस प्रकार,





उसी प्रकार,




**13. विनय को अपने पति से परिचय करवाती हुई स्नेहा ने कहा ''उसकी बहन का पिता मेरी दादी का इकलौता बेटा है।''**
**स्नेहा, विनय की 2 वर्ष की बेटी पूजा से क्या रिश्ता रखती है।**

(a) माँ (b) साली
(c) भतीजी (d) बुआ

**Ans. (d)**





अतः स्नेहा, विनय की बेटी की बुआ है।

**14. एक पासा लिया गया है। 1 से 6 तक की संख्याएँ उसके फलकों पर लिखी गई हैं। संख्या 1 और 4 के फलक एक-दूसरे के सन्निकट हैं। संख्या 6 वाला फलक संख्या 3 वाले फलक के विपरीत फलक में है। विपरीत फलकों पर कितने विषम संख्याओं वाले जोड़े हैं?**

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

**Ans. (a)**



2 6 4
↓ ↓ ↓ विपरीत
1 3 5


अतः स्पष्ट है कि विपरीत फलकों पर शून्य विषम संख्याओं वाले जोड़े हैं।

**15. निम्नलिखित चार विकल्पों में से उसका चयन कीजिए, जो दूसरी जोड़ी को पहली जोड़की के समरूप बनाएगा।**

**ACTUAL : TCALAU : : NATIVE : ?**

(a) TNAVIE (b) ANETIVI
(c) ANTVEI (d) TANEVI

**Ans. (d)** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,





**16. एक सेट (36, 39, 45) दिया गया है। विकल्पों में दिए गए सेट्स में से एक को छोड़कर बाकी सभी तत्वों के HCF पर विचार करने पर समान हैं। भिन्न सेट ज्ञात कीजिए।**

(a) (24, 16, 32) (b) (48, 15, 9)
(c) (12, 18, 21) (d) (27, 33, 6)

**Ans. (a)** प्रश्नानुसार, विकल्प (a) को छोड़कर बाकी विकल्पों का HCF 3 है। जबकि विकल्प (a) का HCF 4 है।
अतः (24, 16, 32) अन्य से भिन्न है।

**17. दृश्य शृंखला को पूरा करने वाली आकृति की पहचान कीजिए।**




(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans. (a)** दी गयी आकृति में अगली-आकृति '1' होगी।
अतः विकल्प 'a' होगा।

**18. दिए गए चार कोड में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक विषम हैं। उस विषम कोड को चुनिए।**

(a) PT3 (b) JP5
(c) WX3 (d) TV1

**Ans. (c)** विकल्प से-

(a) P T → 16 20 ⟶ 20 – 16 – 1 = 3

(d) T V → 20 22 ⟶ 22 – 20 – 1 = 1

(b) J P → 10 16 ⟶ 16 – 10 – 1 = 5

(c) W X → 23 24 ⟶ 24– 23 – 1 = 0 —(असमान)

अतः विकल्प 'C' विषम है।

**19. एक बेकर A, B, C, D और E क्रमांक के पांच चॉकलेट केक बनाता है। D, B जितना मीठा नहीं है। A, E से अधिक मीठा है, लेकिन D जितना मीठा नहीं है। B, C से अधिक मीठा है। निम्नलिखित में से कौन सा सबसे अधिक मीठा है ?**

(a) E (b) D
(c) B (d) C


**Ans. (c) :** चॉकलेट के मीठा होने का घटता क्रम निम्न है-

B > D > A > E

तथा B > C

अतः B सबसे अधिक मीठा है।

**20. प्रश्न चिह्न के स्थान पर आने वाली सही आकृति को चुनें–**




(a) 2 (b) 1
(c) 4 (d) 3

**Ans : (c)** प्रश्नचिह्न के स्थान पर 4 में दी गयी आकृति होगी क्योंकि जिस प्रकार प्रथम आकृति को द्वितीय आकृति में घड़ी के विपरीत दिशा में घुमाया जा रहा है तथा तीर से जुड़े त्रिभुज को खाली किया गया है, उसी प्रकार तीसरी आकृति भी चौथे, आकृति से सम्बन्धित होगी।

**21. निम्नलिखित चार विकल्पों में से उसका चयन कीजिए जो दूसरी जोड़ी को पहली जोड़ी के समरूप बनाएगा।**


**459 : 954 : : 387 : ?**

(a) 837 (b) 783
(c) 939 (d) 700

**Ans. (b)** जिस प्रकार,





उसी प्रकार,




**22. एक पासे के फलकों पर 1 से 6 तक की संख्याएँ लिखी गई हैं। विपरीत फलकों की संख्याओं का योग क्रमशः 8, 7 और 6 है। संख्या 6, संख्या 1 और तीन अन्य संख्याओं के सन्निकट है। संख्या 4, संख्या 2 और तीन अन्य संख्याओं के सन्निकट है। संख्या 5 के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या है?**

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**Ans. (d)** दी गयी शर्तों पर पासा बनाने पर,




$1 + 5 \rightarrow 6$

$4 + 3 \rightarrow 7$


$2 + 6 \rightarrow 8$

अतः 5 का विपरीत फलक 1 होगा।

**23. 16 लड़कियों की एक पंक्ति में, जब सीमा को बाईं ओर दो स्थान स्थानांतरित किया जाता है, तो वह बाएं सिरे से 7वें स्थान पर पहुंच जाती है। पंक्ति के दाहिने सिरे से उसकी पूर्व स्थिति क्या थी ?**

(a) 8वीं (b) 9वीं
(c) 7वीं (d) 10वीं

**Ans. (a) :**







दाहिने सिरे से सीमा की पूर्व स्थिति $= 16 - 9 + 1$



$= 17 - 9$

$=$ 8वीं

**24. उस आकृति का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है?**



(a)  (b) 

(c)  (d) 

**Ans. (a) :** आकृति के अंदर चिन्हों की संख्या उस आकृति में भुजाओं की संख्या से 1 कम है। इस प्रकार विकल्प (a) की आकृति प्रश्न चिन्ह को प्रतिस्थापित करेगी।

**25. निम्नलिखित चार विकल्पों में से उसका चयन कीजिए जो दूसरी जोड़ी को पहली जोड़ी के समरूप बनाएगा।**


**AHU : UHA : : LGK : ?**

(a) KGH (b) KGL
(c) GHL (d) AGH

**Ans. (b)** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**26. एक घन पर एक फलक को यादृच्छिक रूप से चुना गया है। यह नीले रंग का है। इसके सन्निकट सभी फलक हरें रंग के हैं। नीले रंग वाले फलक का विपरीत फलक भूरे रंग का है। हरे रंग के कितने फलक हैं?**


(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**Ans. (a)** किसी भी घन के 6 फलक होते हैं यदि एक फलक नीले रंग का और एक फलक भूरे रंग तब शेष हरे रंग फलक होंगे

$= 6-1-1$

$= 4$

**27. बाईं ओर एक पैटर्न के साथ एक आकृति दी गई है। ध्यानपूर्वक देखिए और बताइए कि दाईं ओर के तीन चित्रों में से कौन इस पैटर्न के दाएँ अर्द्ध हिस्से के समान दिखाई पड़ता है?**





(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 1 और 2 दोनों

**Ans. (c)** दिये आकृति का अर्द्ध हिस्सा आकृति 3 है।
अतः विकल्प 'c' सत्य है।

**28. इस श्रृंखला में (?) के स्थान पर क्या आएगा?**
**15, 6, 18, 9, 21, 3, 24, ?**

(a) 4 (b) 6
(c) 8 (d) 9

**Ans. (b) :** दी गई श्रृंखला निम्नवत है–




अतः ? = 6

**29. इस श्रृंखला में (?) के स्थान पर क्या आएगा?**
**225, 289, 361, ?**

(a) 400 (b) 411
(c) 421 (d) 441

**Ans. (d) :** दी गई श्रृंखला निम्नवत है–


225 289 361 441
↓ ↓ ↓ ↓
$(15)^2$ $(17)^2$ $(19)^2$ $(21)^2$

अतः ? = 441

**30. उन संख्याओं का चयन करें, जो निम्न श्रेणी में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।**
**97, 86, 101, 89, 107, ?, ?**

(a) 84; 125 (b) 114; 169
(c) 121; 144 (d) 94; 115


**Ans. (d) :** दी गई श्रेणी निम्नवत है–




**31. यदि दक्षिण-पूर्व, उत्तर बन जाता है, और उत्तर-पूर्व, पश्चिम बन जाता है और इसी तरह सभी दिशाएं बदल जाती हैं, तो दक्षिण पश्चिम क्या होगा?**

(a) पूर्व (b) उत्तर
(c) दक्षिण (d) पश्चिम

**Ans. (a)**





सभी दिशाएँ घड़ी की विपरीत दिशा में $135^0$ के कोण पर विच्छेपित हो रही है। अतः द.प. $135^0$ घड़ी की विपरीत दिशा में विच्छेपित होने पर पूर्व दिशा बन जायेगा।

**32. अपनी सुबह की सैर के दौरान, विद्यांशु सूर्य की दिशा में कुछ किलोमीटर चलता है। कुछ समय बाद, वह अपने दाएँ घूमता है और 5 km चलता है। वह पुनः अपने दाएँ घूमता है और चलना जारी रखता है। अंत में, विद्यांशु किस दिशा की ओर चल रहा है?**

(a) पूर्व (b) दक्षिण
(c) उत्तर (d) पश्चिम

**Ans. (d) :** विद्यांशु के चलने का क्रम निम्न प्रकार है-




उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि अंत में विद्यांशु 'पश्चिम' दिशा की ओर चल रहा है।

**33. नीचे एक कथन और दो तर्क I और II दिए गए हैं। निर्णय लें कि कथन के सम्बन्ध में कौन सा/से तर्क मजबूत है/हैं।**

**कथन :**
**क्या सरकार को शराब उत्पादन पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए?**

**तर्क :**
**I. हाँ, इससे सड़क दुर्घटनाएं और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं कम हो जाएंगी।**
**II. नहीं, यह निर्णय शराब उद्योग में नौकरियों को खत्म कर देगा।**

(a) केवल तर्क I पर्याप्त है
(b) केवल तर्क II पर्याप्त है
(c) न तो तर्क I और न ही तर्क II पर्याप्त है
(d) I और II दोनों तर्क पर्याप्त हैं।

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार, दिए गए कथन से तर्क I को निकाला जा सकता है।

**34. नीचे एक प्रश्न और दो कथन I और II दिए गए हैं, निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन से कथन पर्याप्त हैं।**

**प्रश्न :**
**राजेश का वेतन ₹12,500 है। अरविंद का वेतन कितना है?**

**कथन :**
**I. अरविंद, अपने और राजेश के कुल वेतन का 3/5 वेतन पाता है।**
**II. अरविंद के वेतन का 2/3 दोनों के औसत वेतन के बराबर है।**

(a) केवल तर्क I पर्याप्त है
(b) केवल तर्क II पर्याप्त है
(c) न तो तर्क I और न ही तर्क II पर्याप्त है
(d) I और II दोनों तर्क पर्याप्त हैं

**Ans. (d) :** माना अरविन्द का वेतन = x

कथन–I के अनुसार

$x = (12500 + x) \times \frac{3}{5}$

$\therefore 5x = 12500 \times 3 + 3x$

$\therefore 2x = 12500 \times 3$

$\therefore x = \frac{12500 \times 3}{2} = 6250 \times 3 = 18750$

कथन–II के अनुसार


$\frac{2}{3}x = \frac{12500 + x}{2}$

$\Rightarrow \frac{4}{3}x = 12500 + x$

$\Rightarrow \frac{1}{3}x = 12500 \Rightarrow x = 37500$

अतः तर्क I और II पर्याप्त हैं।

**35. उस आकृति का चयन करें जो अन्य आकृतियों से भिन्न है–**




(a) A (b) B

(c) C (d) D

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार, आकृति C अन्य सभी आकृतियों से भिन्न है।

**36. उस आकृति का चयन करें जो अन्य आकृतियों से भिन्न है–**




(a) A (b) B

(c) C (d) D

**Ans. (d) :** आकृत्ति D के अतरिक्त अन्य सभी में आकृतियों की संख्या भुजाओं की संख्या के बराबर है। अतः आकृत्ति D अन्य सभी से भिन्न है।

**37. उस आकृति का चयन करें जो दूसरों से भिन्न है–**



(a) A (b) B

(c) C (d) D

**Ans. (c) :** आकृति A, B तथा D में पहली आकृत्ति की जल प्रतिबिम्ब दूसरी आकृति है।

**38. उस शब्द को चुनें जो समूह में दूसरे शब्दों के समान नहीं है?**

(a) चूहा (b) मगरमच्छ

(c) साँप (d) छिपकली

**Ans. (a) :** चूहा एक स्तनी जीव है जबकि मगरमच्छ, साँप तथा छिपकली अंडज है।


**39. निम्नलिखित शृंखला में अगली संख्या कौन सी है?**

**4, 9, 17, 35, 69, ?**

(a) 139 (b) 138

(c) 140 (d) 142

**Ans : (a)** दी गई शृंखला पूर्ण रूप से निम्नवत् होगी-





**40. निम्नलिखित शृंखला में अगली संख्या कौन सी है?**

**4, 12, 16, 80, 86, 602, ?**

(a) 603 (b) 610

(c) 608 (d) 620

**Ans : (b)** दी गई शृंखला पूर्ण रूप में निम्नवत् होगी-




**41. एक कक्षा की लड़कियां एक पंक्ति में खड़ी हैं। एक लड़की, दोनों छोरों से क्रमशः सोलहवीं है। कक्षा में कितनी लड़कियाँ हैं?**

(a) 27 (b) 30

(c) 31 (d) 23

**Ans : (c)** पंक्ति में खड़ी समस्त लड़कियों में से पंक्ति के बीच वाली लड़की दोनों छोरों से गिनने पर क्रमशः सोलहवीं हैं अतः पंक्ति में लड़कियों की संख्या –

(16+16)–1 = 32–1= 31 है।

**42. जिन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनमें से सुनील, शीर्ष से सातवें स्थान पर और नीचे से सोलहवें, स्थान पर हैं चार लड़कों ने प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया और दो छात्र इसमें असफल रहे। कक्षा में कितने लड़के थे?**

(a) 20 (b) 25

(c) 30 (d) 28

**Ans : (d)** यहाँ सुनील उन लड़कों में से है जिन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं वह इनमें शीर्ष से सातवें व नीचे से सोलहवें स्थान पर है। अतः परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए लड़कों की संख्या

= (7+16)–1=22

प्रतियोगिता से अनुपस्थित लड़कों की संख्या = 4

असफल हुए लड़कों की संख्या = 2

कक्षा में कुल लड़कों की संख्या = 22+4+2= 28

**43. लड़कों की एक पंक्ति में, विजय बाएं छोर से दसवें स्थान पर है और विक्रम दाएं छोर से सातवें स्थान पर हैं अगर विजय और विक्रम के बीच ग्यारह लड़के हैं तो पंक्ति में कितने लड़के हैं?**

(a) 28 (b) 36

(c) 43 (d) 22

**Ans : (a)** लड़कों की पंक्ति में बाएं छोर से विजय तक लड़कों की कुल संख्या = 10
दायें छोर से विक्रम तक कुल लड़कों की संख्या = 7
विजय एवं विक्रम के बीच कुल लड़कों की संख्या = 11
पंकित में कुल लड़कों की संख्या = 10+7+ 11 = 28

**44. यदि महीने का आठवां दिन, शुक्रवार से दो दिन पहले होता है तो, महीने का इक्कीसवां दिन, कौन-सा दिन होगा?**

(a) सोमवार
(b) मंगलवार
(c) बुधवार
(d) शुक्रवार

**Ans : (b)** महीने का आठवां दिन = शुक्रवार −2 दिन
अतः शुक्रवार = महीने का दसवां दिन
महीने का 21वाँ दिन = शुक्रवार + 11 दिन
अतः 10+7= 17 वें दिन = शुक्रवार
तथा 17+4= 21वाँ दिन मंगलवार होगा।

**45. यदि पहली मई को मंगलवार है तो पहली जून को ............ होगा।**

(a) गुरुवार (b) शुक्रवार
(c) शनिवार (d) सोमवार

**Ans : (b)** यहाँ 1 मई से 1 जून तक कुल दिनों की संख्या = 31


$\therefore$ विषम दिन = $\frac{31}{7} = 3$ (शेष)

अतः 1जून को मंगलवार + 3 = शुक्रवार होगा


**46. किसी कोड भाषा में CRIMINAL को RCJNJLAN के रूप में लिखा जाता है तो उसी भाषा में TERMITES को कैसे कोडित किया जाएगा?**

(a) ETJPSNOK
(b) TPJKMNB
(c) ETSNJSET
(d) SNJPOKLA

**Ans : (c)** जिस प्रकार से-




उसी प्रकार,



होगा।

**47. किसी कोड भाषा में GRAMMAR को HSBNNBS के रूप में लिखा जाता है तो उसी कोड भाषा में GRATING को कैसे कोडित किया जाएगा?**

(a) NIGRATG (b) HSBUJOH
(c) ARGTGNI (d) ANCPOKL

**Ans : (b)** जिस प्रकार,

$G \xrightarrow{+1} H$
$R \xrightarrow{+1} S$
$A \xrightarrow{+1} B$
$M \xrightarrow{+1} N$
$M \xrightarrow{+1} N$
$A \xrightarrow{+1} B$
$R \xrightarrow{+1} S$

उसी प्रकार,

$G \xrightarrow{+1} H$
$R \xrightarrow{+1} S$
$A \xrightarrow{+1} B$
$T \xrightarrow{+1} U$
$I \xrightarrow{+1} J$
$N \xrightarrow{+1} O$
$G \xrightarrow{+1} H$

होगा।

**48. यदि किसी कोड भाषा में COURSE, AMSPQC बन जाता है तो उसी कोड भाषा में SPEAK क्या बन जाएगा?**

(a) QNCYI (b) QNCLJ
(c) NCPLO (d) YKMGP

**Ans : (a)** जिस प्रकार,

$C \xrightarrow{-2} A$
$O \xrightarrow{-2} M$
$U \xrightarrow{-2} S$
$R \xrightarrow{-2} P$
$S \xrightarrow{-2} Q$
$E \xrightarrow{-2} C$

उसी प्रकार,


$S \xrightarrow{-2} Q$
$P \xrightarrow{-2} N$
$E \xrightarrow{-2} C$
$A \xrightarrow{-2} Y$
$K \xrightarrow{-2} I$

**49. दिए गए शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनमें उनके बीच उतने ही अक्षर हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच हैं?**

**PARCEL**

(a) तीन (b) दो
(c) चार (d) एक

**Ans : (b)**




नोट-इस शब्द में अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार दो जोड़े है, इस प्रकार के प्रश्न में बायें तरफ और दायें तरफ से अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार चेक करते हैं।

**50. जब SWITCH शब्द के अक्षरों को वर्णमाला के क्रम में लगाया जाए तब कितने अक्षरों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे?**

(a) तीन (b) चार
(c) एक (d) दो

**Ans : (c)** दिया गया शब्द $\overset{1}{S}\overset{2}{W}\overset{3}{I}\overset{4}{T}\overset{5}{C}\overset{6}{H}$

अक्षरों को वर्णमाला के क्रम में लगाने पर, $\overset{1}{C}\overset{2}{H}\overset{3}{I}\overset{4}{S}\overset{5}{T}\overset{6}{W}$

अतः केवल 'I' एक अकेला अक्षर है जिसका स्थान अपरिवर्तित रहता है।

## खण्ड-ब (कला वर्ग)

**51. छठी सदी बी.सी. के दौरान उत्तर प्रदेश के किन क्षेत्रों को 'चेदि' कहा जाता था–**

(a) बुंदेलखण्ड (b) अवध
(c) अंग (d) अवंती

**Ans : (a)** बौद्ध ग्रन्थ अंगुत्तर निकाय एवं जैन ग्रन्थ भगवती सूत्र के अनुसार 6वीं शताब्दी ईसा पूर्व में भारतवर्ष 16 महाजनपदों में बँटा हुआ था। इन महाजनपदों में उत्तर प्रदेश से 8 महाजनपद शामिल थे। इनका विवरण निम्न है–

| | महाजनपद | राजधानी | आधुनिक क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | काशी | वाराणसी | वाराणसी के आस–पास |
| 2. | वत्स | कौशाम्बी | इलाहाबाद के आस–पास |
| 3. | कोशल | श्रावस्ती | फैजाबाद के आस–पास |
| 4. | मल्ल | कुशीनारा | देवरिया के आस–पास |
| 5. | चेदि | शुक्तिमती | बुंदेलखंड के आस–पास |
| 6. | कम्बोज | हाटक | राजोरी एवं हजारा के आस–पास |
| 7. | शूरसेन | मथुरा | मथुरा के आस–पास |
| 8. | पंचाल | अहिच्छत्र | बरेली, बदायूँ, फरुखाबाद |

**52. मौर्य राजवंश के अंतिम शासक कौन थे–**

(a) अशोक (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) पुष्यमित्र

**Ans : (c)** मौर्यवंश का अंतिम शासक बृहद्रथ था। इसकी हत्या इसके सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने 185 ईसा पूर्व में की और मगध में शुंग वंश की नीव डाली। मौर्य वंश के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य थे तथा इनके प्रधानमंत्री चाणक्य (कौटिल्य/विष्णुगुप्त) ने 'अर्थशास्त्र' की रचना की थी, जिसका संबंध राजनीति से है।

**53. प्राचीन भारत में, जमदाग्नि ऋषि का आश्रम, जमानिया में था, जो कि वर्तमान उत्तर प्रदेश के ...... जिला में स्थित है–**

(a) लखनऊ (b) गाज़ीपुर
(c) वाराणसी (d) सीतापुर

**Ans : (b)** प्राचीन भारत में जमदाग्नि ऋषि का आश्रम, जमानिया में था, जो कि वर्तमान उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में स्थित है।

**54. राजा हर्षवर्धन ने ......... में, 'भद्र-विहार' नामक ज्ञान के एक बृहत् केंद्र की स्थापना की थी–**

(a) मथुरा (b) काशी
(c) कन्नौज (d) हरिद्वार

**Ans : (c)** राजा हर्षवर्धन ने कन्नौज में, 'भद्र विहार' नामक ज्ञान के एक वृहत केन्द्र की स्थापना की थी। हर्ष के दरबारी कवि बाणभट्ट थे जिन्होंने हर्षचरित तथा कादम्बरी की रचना की। हर्षवर्धन ने तीन संस्कृत नाटक ग्रंथों– प्रियदर्शिका, रत्नावली तथा नागानन्द की रचना की थी।

**55. उर्दू शायरी में 'फिराक गोरखपुरी' के नाम से कौन प्रसिद्ध है–**

(a) द्वारिका प्रसाद (b) बिशन नारायण
(c) रघुपति सहाय (d) नवल किशोर

**Ans : (c)** उर्दू शायरी में 'फिराक गोरखपुरी' के नाम से रघुपति सहाय (28 अगस्त, 1896, गोरखपुर, उ.प्र. – 3 मार्च, 1982, नई दिल्ली) प्रसिद्ध हैं। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'गुल–ए–नगमा' है। इन्हें उर्दू साहित्य का प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार (1969) मिला था।

**56. उत्तर प्रदेश में बारिश के मौसम में निम्नलिखित में से कौन से गीत गाए जाते हैं–**

(a) बिरहा (b) रसिया
(c) चैती (d) कजरी

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश में बारिश के मौसम में (सावन महीने में) महिलाओं द्वारा प्रमुखतः कजरी लोकगीत गाया जाता है। कजरी मिर्जापुर क्षेत्र में सर्वाधिक लोकप्रिय है।
**बिरहा–** प्रमुख शुभ–अवसरों पर किसी घटना/कहानी का लोकगीत के रूप में प्रस्तुतीकरण होता है।
**रसिया–**रसिया लोकगीत का संबंध भगवान कृष्ण की उपासना से है।
**चैती–** चैती (चैता) लोकगीत फाल्गुन पूर्णिमा से चैत्र पूर्णिमा के दौरान गाये जाते हैं।
**उत्तर प्रदेश के प्रमुख लोकगीत–** चैती, ढोला, आल्हा, बिरहा, रसिया, पूरन भगत, भर्तृहरि।

**57. प्रसिद्ध सूफी संत..........के वार्षिक 'उर्स' के अवसर पर हिंदु कैलेंडर के कार्तिक महीने में प्रति वर्ष बाराबंकी में देवा शरीफ मेला आयोजित किया जाता है–**

(a) निजामुद्दीन औलिया (b) वारिस अली शाह
(c) मोइनुद्दीन चिश्ती (d) सलीम चिश्ती

**Ans : (b)** प्रसिद्ध सूफी संत वारिस अली शाह के वार्षिक 'उर्स' के अवसर पर हिन्दू कैलेण्डर के कार्तिक महीने में प्रतिवर्ष बाराबंकी में देवा शरीफ मेला आयोजित किया जाता है।

**58. भारत में किस राज्य भर के सभी घरों में छत पर बारिश के पानी का संग्रहण अनिवार्य कर दिया गया है–**

(a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

**Ans : (c)** भारत का तमिलानडु राज्य देश का एक मात्र ऐसा राज्य है, जहाँ पूरे राज्य में हर घर की छत पर वर्षा जल संग्रहण विधि का बनाना आवश्यक कर दिया गया है। इस संदर्भ में दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्यवाही हो सकती है।

**59. मध्य प्रदेश में खेती की विधि 'झूम कृषि' को ...... भी कहते हैं–**

(a) रोका (b) पेन्डा
(c) दहिया (d) कुरुआ

**Ans : (c)** मध्य प्रदेश में खेतों की कृषि विधि 'झूम कृषि' को दहिया या बेवर भी कहते है। झूम कृषि में जंगलों/झाड़ियों को काटकर जला दिया जाता है और साफ की गई भूमि की जुताई करके बीज बो दिये जाते है। जब मिट्टी की उर्वरा शक्ति बहुत कम हो जाती है तब उसे त्यागकर अन्यत्र यही प्रक्रिया दोहराई जाती हैं। खेती की यह पद्धति मृदा की उर्वरा शक्ति को काफी नुकसान पहुँचाती है। पेंडा-आंध्र, रोका-ब्राजील, कुरुआ-झारखण्ड

**60. सत्रहवीं सदी के दौरान इब्राहिम आदिल शाह II द्वारा लिखी गई कौन-सी निम्नलिखित पुस्तक, हिंदू देवताओं एवं मुस्लिम सूफियों के गुणगान से संबंधित गानों का संग्रहण है–**

(a) गीत-गोविंद
(b) किताब-ए-नवरस
(c) पादशाहनामा
(d) मुंतखाब-उल-तवारिख

**Ans : (b)**

| पुस्तक | | लेखक |
|---|---|---|
| 1. गीत गोविंद | – | जयदेव |
| 2. बादशाहनामा | – | अब्दुल हमीद लाहौरी |
| 3. किताब–ए–नवरस (नौरस)– | | इब्राहिम आदिल शाह–II |
| 4. मुन्तखब–उल–तवारीख | – | अब्दुल–कादिर बदांयूनी |

**61. कर्नाटक संगीत में, 'अलापना, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के ......... के समान होता है–**

(a) तराना (b) ताल
(c) आलाप (d) तिलाना

**Ans : (c)** कर्नाटक संगीत में 'अलापना' हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के 'आलाप' के समान होता है।

**62. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प राजस्थान में स्थित राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में गलत है?**

(a) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (b) रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
(c) सरिस्का टाइगर रिजर्व (d) सह्याद्री टाइगर रिजर्व

**Ans. (d)** सह्याद्री टाइगर रिजर्व महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान, सरिस्का टाइगर रिजर्व राजस्थान में स्थित है। वर्तमान में भारत में 52 टाइगर रिजर्व हैं, जिम कार्बेट नेशन पार्क भारत का पहला टाइगर रिजर्व है। वर्तमान भारत में 106 राष्ट्रीय उद्यान उपस्थिति हैं।

**63. 1831 में 'बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, उत्तर प्रदेश' की स्थापना कहाँ की गई थी?**

(a) लखनऊ (b) इलाहाबाद
(c) बरेली (d) रामपुर

**Ans. (b)** 1831 में बोर्ड ऑफ रेवैन्यू उत्तर प्रदेश की स्थापना इलाहाबाद में की गई थी। सर्वप्रथम बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की स्थापना 1772ई. में वारेन होस्टिंस ने किया था। बोर्ड ऑफ रेवेन्यू उ0प्र0 में वर्तमान में चार सदस्य हैं।

**64. निम्नलिखित में से कौन सी कल्पना चावला की जीवनी है और जॉन पीयर हैरिसन द्वारा लिखी गई है?**

(a) ऐज़ ऑफ टाइम
(b) फ्लड ऑफ फायर
(c) द मदर आई नेवर न्यू
(d) डेयर टू डूः फॉर द न्यू जेनरेशन

**Ans. (a)** ऐज ऑफ टाइम (Aqeoftime) कल्पना चावला की जीवनी है। इसे जॉन पीयर हैरिसन नें लिखा है। फ्लड ऑफ फायर अमिताभ घोष की बुक है। द मदर आई नेवर न्यू सुधामूर्ति की 2014 में प्रकाशित पुस्तक है। डेयर टू डू फॉर द न्यू जेनरेशन किरणवेदी की पुस्तक है।

**65. भारतीय संविधान के आर्टिकल 326 के अनुसार, प्रत्येक राज्य के विधान सभा और विधान परषिद के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। वयस्क मताधिकार से तात्पर्य है कि प्रत्येक भारतीय नागरिक की उम्र चुनाव में भाग लेने के लिए कितने वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए?**

(a) 18 वर्ष (b) 19 वर्ष
(c) 20 वर्ष (d) 21 वर्ष

**Ans. (a)** अनुच्छेद 326 के अनुसार प्रत्येक राज्य के विधानसभा और विधान परिषद के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। राज्य विधानसभाओं विधानपरिषदों, लोकसभा एवं राज्यसभा के चुनावों में मतदान के लिए मतदाता की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है।

**66. भारतीय संविधान के निम्नलिखित मौलिक अधिकारों में से कौन-सा 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है?**

(a) समानता का अधिकार
(b) स्वतंत्रता का अधिकार
(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(d) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार

**Ans. (c)** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 मौलिक अधिकार के शोषण के विरुद्ध अधिकार बालश्रम पर रोक, फैक्ट्री, कारखानों तथा अन्य गतिविधियों नया निर्माण कार्य या रेलवे में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध करता है। जबकि यह किसी नुकसान न पहुँचाने वाले अथवा गैर जोखिम युक्त कार्यों में नियोजन का प्रतिषेध नहीं करता है।

**67. ''डोलु कुनीथा'' भारत के किस राज्य का लोक नृत्य है?**

(a) तमिलनाडु (b) केरल
(c) बिहार (d) कर्नाटक

**Ans. (d)** 'डोलू कुनीथा' कर्नाटक का एक लोकप्रिय लोक नृत्य है। कन्नड़ भाषा में डोलू को ढोल तथा कुनिथा को नृत्य कहते हैं। कथक नृत्य उत्तर प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य है।

**68. लक्षद्वीप के लोग मलयालम के अलावा दूसरी कौन-सी भाषा बोलते हैं?**

(a) तमिल (b) मह्ल
(c) बंगाली (d) हिन्दी

**Ans. (b) :** लक्षद्वीप भारत का एक केन्द्र शासित प्रदेश है इसकी राजधानी कवरत्ती है। यह अरब सागर में स्थित है। यहाँ के लोग मलयालम भाषा के अलावा 'महल' या 'मह्ल' भाषा बोलते है। इन दोनों भाषाओं के अलावा यहाँ के लोग हिन्दी, बंगाली, उड़िया, तमिल और उर्दू भाषा का भी प्रयोग करते है। मह्ल भाषा का प्रयोग अधिकतर मालदीव द्वीप समूह के लोग करते हैं।

**69. शिवाजी के छोटे बेटे का नाम बतायें जो तीसरे छत्रपति थे।**

(a) राजाराम (b) सम्भाजी
(c) शाहू (d) बाजीराव

**Ans. (a) :** शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी, 1630 को शिवनेरी दुर्ग में तथा मृत्यु 3 अप्रैल, 1680 को रायगढ़ में हुई थी इनके पिता का नाम शाहजी भोंसले तथा माता का नाम जीजाबाई भोंसले था। शिवाजी महाराज के दो बेटे तथा छह बेटियाँ थी। बड़े बेटे सम्भाजी महाराज जो दूसरे छत्रपति वास्तविक उत्तराधिकारी थे तथा सबसे छोटे बेटे राजाराम थे जो तीसरे छत्रपति थे।

**70. ................ओडिशा से प्रारंभ एक प्राचीन लोक नृत्य है।**

(a) पुलिकली (b) राउत नाच
(c) डोलू कुनीथा (d) घुमुरा

**Ans. (d) :** घुमुरा ओडिशा से प्रारम्भ एक प्राचीन लोक नृत्य है।
**पुलिकली** - केरल राज्य का एक प्राचीन मनोरंजक लोकनृत्य है जो वहाँ के प्रसिद्ध त्योहार ओणम के अवसर पर किया जाता है।
**राउत नाच** – छत्तीसगढ़ राज्य में यादव समुदाय द्वारा दीपावली त्योहार के अवसर पर किया जाने वाला पारंपरिक नृत्य है।
**डॉलू कुनीता** – कर्नाटक राज्य का एक प्रसिद्ध लोक नृत्य है, जो नगाड़ें की धुन पर किया जाता है। इसे हलुमथस्थ भी कहा जाता है।

**71. भारत अपने नारियल के वार्षिक उत्पादन में, ............. और इंडोनेशिया के बाद तीसरें स्थान पर है।**
(a) मेडागास्कर (b) म्यांमार
(c) मलेशिया (d) फिलीपीन्स

**Ans. (d) :** पूरे विश्व में इंडोनेशिया नारियल उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। इसके अलावा अन्य देश घटते क्रम में निम्नवत हैं-
इंडोनेशिया > फिलीपीन्स > भारत> ब्राजील> श्रीलंका
भारत में नारियल का सबसे अधिक उत्पादन करने वाला राज्य तमिलनाडु है। अन्य प्रमुख राज्य घटते क्रम में-
तमिलनाडु > केरल > कर्नाटक> आन्ध्र प्रदेश

**72. 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के 284 सदस्यों ने हस्तलिखित संविधान पर हस्ताक्षर किए, जिसमें ........... महिलाएं शामिल थीं।**
(a) 30 (b) 20
(c) 15 (d) 25

**Ans. (c) :** 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा की अंतिम बैठक हुई, जिसमें संविधान सभा द्वारा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को स्वतंत्र भारत का प्रथम राष्ट्रपति चुना गया। संविधान सभा की इस बैठक में 284 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें 15 महिला सदस्य भी थीं। सब ने मिल कर हस्त लिखित संविधान पर अपने-अपने हस्ताक्षर किये। 26 जनवरी, 1950 को संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ।

**73. काकोरी रेलगाड़ी लूटपाट की कल्पना राम प्रसाद 'बिस्मिल' और ............. ने की थी।**
(a) खुदीराम बोस (b) शिवराम राजगुरु
(c) अशफ़ाक उल्लाह खाँ (d) यतीन्द्रनाथ दास

**Ans. (c) :** काकोरी रेलगाड़ी लूटपाट की ऐतिहासिक घटना 9 अगस्त, 1925 को लखनऊ जिले के काकोरी रेलवे स्टेशन पर (सहारनपुर-लखनऊ पैसेन्जर ट्रेन) हुई थी। इस लूट पाट की योजना राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्लाह खाँ ने बनायी थी। इसके चलते राजेन्द्र लाहिड़ी, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ तथा रोशन सिंह को फाँसी की सजा सुनायी गयी। अन्य 16 क्रांतिकारियों को 4 वर्ष की सजा सुनायी गयी थी।

**74. इनमें से कौन-सी गेहूँ की उच्च पैदावार देने वाली बीज-किस्म है, जिसका भारत की हरित क्रांति में योगदान था?**
(a) इंदिरा सोना (b) लेर्मा रोजो
(c) एराईज तेज (d) अंकुर

**Ans. (b) :** हरित क्रांति के फलस्वरूप देश के कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई इसके जनक एम. एस. स्वामीनाथन है। लेर्मारोजो गेहूँ की उच्च पैदावार देने वाली बीज-किस्म की फसल है।

**75. उम्मेद भवन पैलेस किस शहर में स्थित है?**
(a) उदयपुर (b) जोधपुर
(c) मैसुरु (d) जयपुर

**Ans. (b) :** उम्मेद भवन पैलेस राजस्थान के जोधपुर जिले में स्थित एक महल है। यह विश्व के सबसे निजी महलों में से एक है। इस महल का नाम राजा उम्मेद सिंह के नाम पर रखा गया है।

**76. लावणी किस भारतीय राज्य का प्रसिद्ध लोक-नृत्य है?**
(a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) सिक्किम (d) तमिलनाडु

**Ans. (b) :** लावणी भारतीय राज्य महाराष्ट्र का प्रमुख लोकनृत्य है। यह लोकनृत्य तमाशा का ही अंग है। संगीत, कविता, नृत्य और नाट्य सभी मिलकर लावणी बनाते है।

**77. वह कौन-सा अंतिम वर्ष था, जब भारत में रेल बजट और केंद्रीय बजट अलग-अलग प्रस्तुत किया गया था?**
(a) 2016 (b) 2012
(c) 2008 (d) 2004

**Ans. (a) :** रेल बजट को अलग से पेश करने की शुरूआत सन् 1924 में हुई थी और स्वतन्त्रता के बाद भी संवैधानिक प्रावधानों को बनाए रखने की परम्परा के तौर पर जारी रखा गया। वर्ष 2016 में भारत में रेल बजट और केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करने का अन्तिम वर्ष था। वर्ष 2017 से पुनः एक साथ प्रस्तुत किया जाने लगा।

**78. सन् 1773 से 1785 तक वस्तुतः भारत के पहले गवर्नर-जनरल कौन थे?**
(a) वारेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड मिंटो
(c) जॉर्ज वाटसन (d) विलियम जॉर्ज वॉकर

**Ans. (a) :** भारत के गर्वनर जनरल (1858 से 1947) तक भारत के वायसराय और गर्वनर जनरल भारतीय उपमहाद्वीप पर ब्रिटिश राज का प्रधान पद था। सन् 1773 से 1785 तक भारत के पहले गर्वनर जनरल लार्ड वारेन हेस्टिंग्स थे एवं अन्तिम भारतीय गर्वनर जनरल सी. राजगोपालाचारी थे।

**79. निवेश जानकारी और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आई.सी.आर.ए.) का मुख्यालय ........... में है।**
(a) मुम्बई (b) बेंगलुरु
(c) गुरुग्राम (d) चेन्नई

**Ans. (c) :** ICRA एक भारतीय स्वतन्त्र और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है। इसका मुख्यालय हरियाणा राज्य के गुरुग्राम (गुडगांव) शहर में स्थित है।

**80. 'निऑन लैम्प' का आविष्कार ....... द्वारा किया गया था –**
(a) जॉर्जेस क्लाउड (b) सैमुअल कोल्ट
(c) मार्टिन कपूर (d) विलियम कुलेन

**Ans : (a)** निऑन लैम्प का आविष्कार जॉर्जेस क्लाउड ने 1910 ई. में किया था। यह एक छोटे आकार का गैस डिस्चार्ज लैम्प है। इस लैम्प में काँच की एक कैप्सूल होती है, जिसमें निऑन एवं अन्य गैसे कम दाब पर भरी होती है तथा इस लैम्प से नारंगी रंग का प्रकाश निकलता है।

**81. ब्यूनस आयर्स किस देश की राजधानी है?**
(a) बोलिविया (b) वेनेजुएला
(c) अर्जेण्टीना (d) ब्राजील

**Ans : (c)**

| देश | राजधानी |
|---|---|
| वोलीविया | लापाज (सरकारी), सूक्रे (संवैधानिक) |
| वेनेजुएला | काराकस |
| अर्जेण्टीना | ब्यूनस आयर्स |
| ब्राजील | ब्राजीलिया |

**82. .................. राष्ट्रीय उद्यान में सबसे अधिक एक सींग वाले गैंडे पाए जाते हैं–**

(a) जिम कॉर्बेट
(b) रणथंभौर
(c) काजीरंगा
(d) बान्दीपुर

**Ans : (c)** काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान भारत तथा विश्व में एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है। यह राष्ट्रीय उद्यान असम का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान है जो गोलाघाट नौगाँव जिले में स्थित है। वर्ष 1974 में इसे राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था यह यूनेस्कों द्वारा विश्व धरोहरों की सूची में भी शामिल किया गया है।

**83. इम्फाल किस भारतीय राज्य की राजधानी है?**

(a) मणिपुर (b) त्रिपुरा
(c) नागालैण्ड (d) सिक्किम

**Ans : (a)** इम्फाल मणिपुर की राजधानी है। मणिपुर भारत का एक पूर्वोत्तर राज्य है। नागालैण्ड की राजधानी कोहिमा, त्रिपुरा की राजधानी अगरतला तथा सिक्किम की राजधानी गंगटोक है।

**84. भारत में निम्नलिखित में से कौन सा शहर कर्क रेखा से सबसे दूर हैं?**

(a) गाँधी नगर (b) राँची
(c) अगरतला (d) भुवनेश्वर

**Ans : (d)** भुवनेश्वर, जो कि ओडिशा की राजधानी है, कर्क रेखा के सबसे दूर स्थित शहर है। कर्क रेखा भारत के आठ राज्यों से होकर गुजरती है जो इस प्रकार है– गुजरात, राजस्थान, म.प्र., छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मिजोरम।

**85. 'हॉर्नबिल महोत्सव' निम्न में से किस राज्य में मनाया जाता है?**

(a) नागालैंड (b) पश्चिम बंगाल
(c) सिक्किम (d) बिहार

**Ans : (a)** हॉर्नबिल महोत्सव नागालैण्ड राज्य में मनाया जाता है। इस महोत्सव का नामकरण 'ग्रेट इण्डियन हार्नबिल' पक्षी के नाम पर हुआ है। यह उत्तर–पूर्वी राज्य नागालैण्ड का प्रसिद्ध त्यौहार है। यह नागा समुदाय की समृद्ध संस्कृति एवं परम्पराओं का एक कलात्मक प्रदर्शन है, जो कि नागा समुदाय की विविधता को प्रदर्शित करता है। यह नागालैण्ड के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

**86. निर्माण के पश्चात आजाद हिन्द फौज, अंग्रेजी भारतीय सेना के विरुद्ध ........ क्षेत्र में कार्यवाही कर रही थी –**

(a) बलूचिस्तान
(b) सियाचिन
(c) सिक्किम
(d) इम्फाल-कोहिमा

**Ans : (d)** आजाद हिन्द फौज ने 1944 में इम्फाल एवं वर्मा में अंग्रेजी भारतीय सेना का मुकाबला किया। आजाद हिंद फौज की स्थापना रासबिहारी बोस और कैप्टन मोहन सिंह ने वर्ष 1942 में की। 1943 में सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर में नेतृत्व प्राप्त किया।

**87. महाराष्ट्र के पोला त्योहार में किस जानवर की पूजा की जाती है?**

(a) सिंह (b) वृषभ
(c) हाथी (d) साँप

**Ans : (b)** महाराष्ट्र के पोला त्यौहार में वृषभ की पूजा की जाती है। यह मुख्यतः महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना के उत्तरी क्षेत्र में वहाँ के किसानों द्वारा भादो या भाद्रपद मास के पिथोरी अमावस्या के दिन मनाया जाता है।

**88. भारत का संविधान भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति का अधिकार ........... को देता है–**

(a) प्रधानमन्त्री (b) राष्ट्रपति
(c) मुख्य न्यायाधीश (d) राज्य सभा

**Ans : (b)** भारत का संविधान भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति अनुच्छेद 76 (1) को देता है। महान्यायवादी भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है। यह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद धारणा करता है यह किसी सदन में अथवा उनकी समितियों में बोल सकता है। किन्तु उसे मत देने का अधिकार नहीं है। वर्तमान में के.के. वेणुगोपाल भारत के 15वें महान्यायवादी है।

**89. .......... की राइसटेक कंपनी ने 1990 के दशक में बासमती चावल पर एकाधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया था –**

(a) यूनाइटेड किंगडम (b) कनाडा
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) ऑस्ट्रेलिया

**Ans : (c)** संयुक्त राज्य अमेरिका की राइसटेक कंपनी ने 1990 के दशक में बासमती चावल पर एकाधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया था परन्तु भारतीय विरोध के कारण इस कंपनी के पेटेन्ट को रद्द कर दिया गया।

**90. भारत का मूलरूप संविधान .......... द्वारा हाथ से लिखा गया था –**

(a) रफी अहमद किदवाई
(b) कैलाश नाथ किदवाई
(c) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा
(d) कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी

**Ans : (c)** 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया मूल भारतीय संविधान, एक मुद्रित दस्तावेज नहीं था। प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने इसकी हस्तलिपि तैयार की थी तथा आचार्य नंदलाल बोस के मार्गदर्शन में शांति निकेतन के कलाकारों ने इसे अलंकृत किया। यह दस्तावेज अब भारत की संसद की पुस्तकालय में संरक्षित है।

**91. जब महात्मा गांधी को रेल गाड़ी से जबरन उतारा गया तब वे दक्षिण अफ्रीका में कहाँ जा रहे थे ?**

(a) प्रिटोरिया (b) जोहान्सबर्ग
(c) केपटाउन (d) डरबन

**Ans : (a)** 7 जून, 1893 को गाँधी जी प्रिटोरिया जाने के लिए ट्रेन की प्रथम श्रेणी के डिब्बे में यात्रा कर रहे थे, जो कि गोरे लोगों के लिए आरक्षित था। वैध टिकट होने के बावजूद केवल रंगभेद के कारण उन्हें पीटरमारित्जबर्ग स्टेशन पर जबरदस्ती धक्के देकर बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद ही गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में रंग के नाम पर होने वाले भेदभाव और भारतीय समुदाय के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने का निश्चय किया।

**92. निम्न में से किस लोक नृत्य का आयोजन बुंदेलखंड क्षेत्र में फसल कटाई के समय किया जाता है?**

(a) कर्मा (b) छोलिया
(c) चरकुला (d) शैरा

**Ans : (d)** शैरा नृत्य बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोक नृत्यों में से एक है। फसल कटाई के समय आयोजित किया जाने वाला यह लोक नृत्य काफी प्रसिद्ध है। शैरा नामक लोकगीतों के साथ नाचे जाने के कारण इसका नाम 'शैरा नृत्य' पड़ा है।

इस नृत्य में शैरा गाने वालों के दल अपने हाथों से लकड़ी के छोटे–छोटे डंडे, जो इसी नृत्य के लिए बनाये जाते हैं, लेकर गोलाकार खड़े हो जाते हैं।

शैरा नृत्य करने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने दायें–बायें दोनों ओर से बढ़ने वाले डंडो पर अपने डंडे बजाता है।

**93. आगरा की मोती मस्जिद का निर्माण............. द्वारा करवाया गया।**

(a) अकबर (b) शाहजहाँ
(c) औरंगजेब (d) दारा शिकोह

**Ans : (b)** आगरा किले में स्थित मोती मस्जिद, (चमकता हुआ मोती) का निर्माण शाहजहाँ ने करवाया था। मोती मस्जिद को 'Pearl Mosque' की उपाधि दी गई है। शाहजहाँ ने इस मस्जिद का निर्माण अपने शाही दरबार के लिए करवाया था।
इसके शीर्ष पर स्थित तीन गुम्बदों का निर्माण सफेद संगमरमर से किया गया है, जो देखने में अति आकर्षक लगते हैं।

**94. निम्न में से कौन सी मृदा कपास की खेती के लिए उपयुक्त होती है?**

(a) लैटेराइट मृदा (b) जलोढ़ मृदा
(c) काली मिट्टी (d) लाल मिट्टी

**Ans : (c)** काली मिट्टी को **'रेगुर मिट्टी'** या 'काली कपास मिट्टी' के नाम से भी जाना जाता है। काली मिट्टी एक परिपक्व मिट्टी है जो मुख्यतः दक्षिणी प्रायद्वीपीय पठार के क्षेत्रों में पायी जाती है। इसका निर्माण चट्टानों के दो वर्ग दक्कन ट्रेप एवं लौहमय नीस और शिष्ट से हुआ है। यह मिट्टी भारत के कछारी भागों में मुख्य रूप से पाई जाती है।
यह मिट्टी गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्यों के अधिकांश क्षेत्रों, कर्नाटक राज्य के उत्तरी जिलों, आन्ध्र प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र, राजस्थान के बूँदी, टोंक आदि जिलों में विस्तृत है।

**95. निम्न में से कौन सा जानवर भारत में स्थानिक प्रजाति (वो जानवर जो केवल एक ही भौगोलिक क्षेत्र में रहते हैं) का उदाहरण नहीं है?**

(a) एकसिंगी गैंडा (b) बंगाल टाइगर
(c) मिथुन (d) गाय

**Ans : (d)** गाय भारत में स्थानिक प्रजाति (जानवर जो केवल एक ही भौगोलिक क्षेत्र में रहते हैं) का उदाहरण नहीं है क्योंकि गाय पूरे भारत वर्ष में समान रूप से पायी जाती है।
एकसिंगी गैंडा पूर्वोत्तर भारत के असम और नेपाल की तराई के कुछ संरक्षित इलाकों में पाया जाता है।
मिथुन का विकास दक्षिण भारतीय पहाड़ियों तथा असम में होता है। बंगाल टाइगर या रायल बंगाल टाइगर, बाघ की आठ बड़ी प्रजातियों में से एक है जो भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में पाया जाता है।

**96. ....... भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक राज्य है**

(a) ओडिशा (b) उत्तर प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) मध्य प्रदेश

**Ans : (a)** ओडिशा भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक राज्य है। ऐलुमिनियम के अयस्क होने के कारण बॉक्साइट की गणना महत्त्वपूर्ण खनिजों में की जाती है। इसकी प्राप्ति लौह भस्मों के रूप में होती है जिसमें प्रमुख है– बॉक्साइट, फेल्स्पार तथा क्रायोलाइट। भारत में मिलने वाले ये सभी भस्म लैटराइट प्रकार के है, जिनमें लाल एवं पीला लौहांश अधिक मात्रा में मिला रहता है।

**97. निम्नलिखित में से किस प्रकार का कोयला उच्चतम गुणवत्ता का होता है?**

(a) लिग्नाइट (b) पीट
(c) बिटुमिनस (d) एन्थ्रेसाइट

**Ans : (d)** कोयला एक कार्बनिक पदार्थ है जिसको ईंधन के रूप में प्रयोग में लाया जाता है।
कार्बन की मात्रा के आधार पर कोयला चार प्रकार का होता है–

**(i) पीट कोयला–** इसमें कार्बन की मात्रा 50% से 60% तक होती है इसे जलाने पर अधिक राख एवं धुआँ निकलता है। यह सबसे निम्न कोटि का कोयला है।

**(ii) लिग्नाइट कोयला–** कोयला इसमें कार्बन की मात्रा 65% से 70% तक होती है। इसका रंग भूरा होता है, इसमें जलवाष्प की मात्रा अधिक होती है।

**(iii) बिटुमिनस कोयला–** इसे मुलायम कोयला भी कहा जाता है। इसका उपयोग घरेलू कार्यों में होता है। इसमें कार्बन की मात्रा 70% से 85% तक होती है।

**(iv) एन्थ्रासाइट–** यह कोयले की सबसे उत्तम कोटि है। इसमें कार्बन की मात्रा 85% से भी अधिक रहती है।

**98. निम्न में से पंजाब का कौन सा प्रसिद्ध वाद्य यंत्र, लकड़ियों की कई छड़ियों से मिलकर बना होता है?**

(a) मशक (b) चिमटा
(c) चिक्का (d) खड़ताल

**Ans : (c)** चिक्का पंजाब का प्रसिद्ध वाद्य् यंत्र है। यह लकड़ियों की कई छड़ियों से मिलकर बना होता है।

**99. महात्मा गाँधी के प्रिय भजनों में से एक वैष्णव जन तो' के रचयिता कौन हैं?**

(a) सूरदास (b) मीराबाई
(c) नरसी मेहता (d) ज्ञानेश्वर

**Ans : (c)** "वैष्णव जन तो तैणे कहिए जे पीड़ पराई जाणे रे" यह भजन राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी का प्रियभजन और उनका जीवन दर्शन भी था। यह भजन गुजरात के नरसिंह मेहता (नरसी मेहता) का है। वे एक महान कृष्ण भक्त थे जिन्हें मीरा और चैतन्य के समतुल्य माना जाता है।

**100. किसने मगध की राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित की?**

(a) बिंबिसार (b) अशोक
(c) चाणक्य (d) उदयन

**Ans : (d)** अजातशत्रु के पुत्र उदयन ने गंगा एवं सोन नदियों के संगम पर 'पाटलिपुत्र' नामक नगर बसाकर उसे मगध साम्राज्य की राजधानी बनाया।

# रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2022
## प्रथम प्रश्न–पत्र (Memory Based)
**व्याख्या सहित हल** **[परीक्षा तिथि : 06.07.2022]**

## खण्ड-अ ( सामान्य ज्ञान )

**1. द मिडनाइट चिल्ड्रेन के लेखक कौन थे ?**

(a) अरुंधति राय (b) सलमान रुश्दी
(c) सलमान खुर्शीद (d) शशि थरूर

**Ans. (b) :** द मिडनाइट चिल्ड्रेन'' के लेखक सलमान रूश्दी है, यह उपन्यास 1981 मे प्रकाशित हुआ, यह ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता और विभाजन के लिए भारत के संक्रमण के बारे मे है। इस उपन्यास को बुकर पुरस्कार (2008) से सम्मानित किया गया ।

**2. इंडियन सुपर लीग में फुटबाल के विजेता कौन है?**

(a) हैदराबाद एफ सी (b) एटीके मोहन बागान
(c) चेन्नईयन एफ सी (d) बेंगलुरु एफसी

**Ans. (a) :** इंडिया सुपर लीग भारत की एक व्यवसायिक फुटबाल लीग है इसमे 11 टीमें खेलती है, 2022 की विजेता हैदराबाद एफसी है, इसकी स्थापना 2013 मे हुई थी।

**3. मिस यूनिवर्स 2021 का आयोजन किस देश में हुआ?**

(a) इलियट, इजराइल (b) लंदन, इग्लैण्ड
(c) केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका (d) कैनबरा, आस्ट्रेलिया

**Ans. (a) :**मिस यूनिवर्स 2021 : 70वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता थी। इस संस्करण की विजेता भारत की हरनाज संधू थीं, इस प्रतियोगिता का आयोजन इलियट, इजराइल मे हुआ। यह भारत की तीसरी महिला है। इससे पहले लारा दत्ता (2000), सुष्मिता सेन (1994) बन चुकी है। वर्ष 2022 का मिस यूनिवर्स खिताव आर बोनी नोला ग्रेबियल (अमेरिकी) ने जीता है।

**4. एग्लो इंडियन के मनोनयन की प्रक्रिया किस अनुच्देद मे है ( लोकसभा )?**

(a) Art 331 (b) Art 333
(c) Art 340 (d) Art 356

**Ans. (a) : भारत की संसद मे** एंग्लो-इंडियन प्रतिनिधित्व के लिए Art 331 के तहत दो लोगों को नामित करने का अधिकार या मोदी सरकार द्वारा 20जनवरी 2020 से इसे समाप्त किए जाने का फैसला किया गया है।

**5. CABE का फुल फार्म क्या है ?**

(a) केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड
(b) केन्द्रीय शिक्षा चमन बोर्ड
(c) केन्द्रीय प्रमाणन बोर्ड
(d) केन्द्रीय शिक्षा कार्यकारी बोर्ड

**Ans. (a) : CABE : Central Advisory Board of Education : यह शिक्षा सम्बन्धी विषयो के** लिए प्रान्तीय सरकारो को सलाह देने के लिए 1921 मे स्थापना की गई, इसका कार्य शिक्षा की प्रगति के सम्बन्ध मे उपयोगी तथ्य एकत्रित करना और इन तथ्यो का निरीक्षण करके अपने सुझावो को केन्द्रीय प्रशासन के पास भेजना होता है।

**6. पराग अग्रवाल 2021 मे किस कंपनी के सी इ ओ बनाये गये थे ?**

(a) ट्विटर (b) फेसबुक
(c) टिक-टाक (d) अमेजन

**Ans. (a) :** ट्विटर एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म है, इसकी स्थापना मार्च 2006 मे सेन फ्रांसिस्को अमेरिका मे हुई। वर्ष 2021 में पाराग अग्रवाल को ट्विटर का सी इ ओ बनाया गया। वर्तमान में सी इ ओ एलन मस्क हैं।

**7. कौन सा आर्टिकल आपाकाल से है ?**

(a) Art 356 (b) Art 224
(c) Art 340 (d) Art 324

**Ans. (a) :** भारत के संविधान में आपात काल का तीन प्रकार से उल्लेख किया गया है। Art 352, Art 356, Art 360, : अनुच्छेद 352:जब भारत की सुरक्षा या उसके एक हिस्से को युद्ध या बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह का खतरा होता हैः अनुच्छेद 356: किसी राज्य के शासन की विफलता से संबन्धित है : अनुच्देद 360:वित्तीय आपातकाल से सम्बन्धित है।

**8. राष्ट्रीय खेल संस्थान कहाँ है ?**

(a) पटियाला (पंजाब) (b) मेरठ, उत्तर प्रदेश
(c) हैदराबाद (तेलंगाना) (d) मुम्बई, महाराष्ट्र

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय क्रीडा संस्थान पटियाला (पंजाब) मे स्थित है। इसे नेताजी सुभाष राष्ट्रीय क्रीडा संस्थान के नाम से भी जान जाता है। यह एशिया का सबसे बड़ा संस्थान है।

**9. सबसे पुराना वेद कौन है ?**

(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) अथर्ववेद (d) यजुर्वेद

**Ans. (a) :** ऋग्वेद संसार का सबसे प्राचीनतम धर्मग्रन्थ है यह सनातन धर्म का सबसे आरम्भिक स्रोत है इसमे 10 मण्डल, 1028 सुक्त है जिसमें मंत्रों द्वारा देवताओं की स्तुति की गई है अन्य वेद है- यजुर्वेद,सामवेद और अथर्ववेद।

**10. मनुष्य द्वारा प्रयोग की जाने वाली प्रथम धातु निम्नलिखित में से कौन-सी थी?**

(a) रजत (b) कांस्य
(c) ताँबा (d) लोहा

**Ans. (c) :** मनुष्यों द्वारा प्रयोग की जाने वाली प्रथम धातु तांबा थी। ऐसा माना जाता है कि ताँबे का सर्वप्रथम प्रयोग आज से लगभग 10000 वर्ष पहले किया गया। भारत में ताम्रपाषाण काल अवस्था के मुख्य क्षेत्र दक्षिण-पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश के पश्चिमी भाग, पश्चिमी महाराष्ट्र तथा दक्षिणी-पूर्वी भारत में है। दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान में स्थित बनास घाटी से तांबे की सपाट कुल्हाड़ियाँ, तलवार, चूड़ियाँ और कई तरह के उपकरण प्राप्त हुए हैं।

**11. मदर टेरेसा का जन्म किस देश में हुआ था?**

(a) भारत (b) आयरलैण्ड
(c) इंग्लैण्ड (d) मेसीडोनिया

**Ans. (d) :** मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त 1910 को मेसीडोनिया में हुआ था। इनका वास्तविक नाम 'अगनेस गोंझा बोयाजिजू' था। इन्हें रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा 'कलकत्ता की संत टेरेसा' का नाम दिया गया था। मदर टेरेसा को पीड़ित मानवता की सेवा के लिए विश्व के अनेक अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका हैं, जिनमें नोबेल पुरस्कार 1979, पद्म श्री 1962, भारत रत्न 1980 तथा मेडल आफ फ्रीडम 1985 प्रमुख हैं।

**12. संतुलित आहार की न्यूनतम मात्रा क्या है?**

(a) पौष्टिकता की मात्रा (b) कार्बोहाइड्रेट की मात्रा
(c) प्रोटीन की मात्रा (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** संतुलित आहार एक ऐसा आहार है, जिसमें कुछ निश्चित मात्रा में कैलोरी प्रोटीन, खनिज, विटामिन आदि पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में हो। इसके अलावा बायोएक्टिव फाइटोकेमिकल्स जैसे-फाइबर, एंटी ऑक्सिडेंट और न्यूट्रास्यूटिकल होना चाहिए। अतः आहार की न्यूनतम मात्रा वह है जिसमें पौष्टिकता की मात्रा भरपूर हो।

**13. कुचिपुड़ी किस राज्य का शास्त्रीय नृत्य है?**

(a) तमिलनाडु (b) केरल
(c) आंध्र प्रदेश (d) कर्नाटक

**Ans. (c) :** भारत में नृत्य की जड़े प्राचीन परंपराओं में है। भारत में मुख्यतः 8 शास्त्रीय नृत्य हैं। भरत मुनि ने अपनी पुस्तक नाट्यशास्त्र में शास्त्रीय नृत्य का वर्णन किया है जिनके विवरण इस प्रकार हैं-
कुचिपुड़ी - आंध्र प्रदेश
मोहिनी अट्टम - केरल
मणिपुरी - मणिपुर
ओडिसी - ओडिशा
कथक - उत्तर प्रदेश
कथकली - केरल
भरतनाट्यम - तमिलनाडु
सत्रिया - असम

**14. थिम्पू किस देश की राजधानी है-**

(a) भूटान (b) भारत
(c) नेपाल (d) श्रीलंका

**Ans. (a) :**

| देश | | राजधानी |
|---|---|---|
| भूटान | - | थिम्पू |
| भारत | - | नई दिल्ली |
| नेपाल | - | काठमाण्डू |
| श्रीलंका | - | श्रीजयवर्धनेपुरा कोट्टे |

**15. 1921 में पहली बार 'पूर्ण स्वराज' की माँग किसने की थी?**

(a) ए ओ ह्यूम (b) जवाहर लाल नेहरू
(c) मौलाना हसरत मोहानी (d) मौलाना मोहम्मद अली

**Ans. (c) :** वर्ष 1921 में पहली बार 'पूर्ण स्वराज' की माँग 'मौलाना हसरत मोहानी' ने की थी। 1921 में कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में अंग्रेजों से पूर्ण स्वतंत्रता की माँग करने वाले मौलाना हसरत मोहानी पहले कांग्रेस कार्यकर्ता थे।

**16. किस क्षेत्र में योगदान के लिए सत्यजीत रे पुरस्कार दिया जाता है?**

(a) निर्देशन (b) गायन
(c) निर्माण (d) उपरोक्त कोई नहीं

**Ans. (a) :** 'सत्यजीत रे' पुरस्कार फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में दिया जाता है। 'सत्यजीत रे' एक भारतीय फिल्म निर्माता थे जिन्होंने बंगाली फिल्मों में प्रमुखता से काम किया था।

**17. टेलीफोन का आविष्कार किसने किया था?**

(a) एलेक्जेंडर ग्राहम बेल (b) थॉमस एडिसन
(c) बेंजामिन फ्रेंकलिन (d) जेम्स वॉट

**Ans. (a) :** टेलीफोन का आविष्कार 2 जून 1875 को स्कॉटिश वैज्ञानिक अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने किया। उन्होंने इस आविष्कार में टॉमस वाटसन की मदद ली थी। ग्राहम बेल न केवल टेलीफोन बल्कि कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कई और भी आविष्कार किए हैं। ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी उन्हें ही जाता है।

**18. बौद्ध धर्म में 'त्रिरत्न' का क्या अर्थ है?**

(a) त्रिपिटक (b) बुद्ध, धम्म (धर्म) संघ
(c) सत्य, अहिंसा, करूणा (d) शैल, समाधि, संघ

**Ans. (b) :** 'त्रिरत्न' बौद्ध धर्म के सबसे महत्पूर्ण अंग है। ये त्रिरत्न बुद्ध, धम्म (धर्म), संघ है जिसमें बुद्ध का अर्थ तार्किक ज्ञान, धम्म का अर्थ नैतिकता तथा संघ का अर्थ राज्य, तर्क प्रधानों की संगत है।

**19. लाख किससे प्राप्त होता है-**

(a) पेड़ों की छाल से
(b) कीटो के शरीर के स्त्रावण से
(c) कीटों के मल पदार्थ से
(d) कीटों के अण्डाशय से

**Ans. (b) :** लाख केरिना लाका नामक कीट से उत्पादित होने वाली प्राकृतिक राल है। लाख के कीड़े पलास, कुसुम तथा बेर के पेड़ों पर पाये जाते हैं, जिनकी शाखाओं से रस-चूसकर भोजन प्राप्त करते हैं। अपनी सुरक्षा के लिए राल का स्राव कर कवच बना लेते हैं। यही लाख होता है, जिसे काटी गयी टहनियों से खुरच कर निकाला जाता है।

**20. बी सी राय अवार्ड किस क्षेत्र में दिया जाता है?**

(a) संगीत (b) खेल
(c) चिकित्सा (d) साहित्य

**Ans. (c) :** डॉ. बी.सी.रॉय पुरस्कार सन् 1962 से भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार चिकित्सक तथा स्वतंत्रता सेनानी 'विधान चन्द्र रॉय' के नाम से 'चिकित्सा' के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

**21. पहली औद्योगिक क्रांति कहाँ हुई?**

(a) चीन (b) इंग्लैंड
(c) अमेरिका (d) जापान

**Ans. (b) :** पहली औद्योगिक क्रान्ति एक प्रक्रिया थी जो 18वीं शताब्दी में इंग्लैण्ड में शुरू हुई, जहाँ से यह दुनिया के अन्य हिस्सों में फैल गई। इस क्रान्ति का मुख्य उद्देश्य मशीनीकरण द्वारा उत्पादन को बढ़ाना था।

**22. इंटरनेट ब्राउजर कौन-सा नहीं है?**

(a) Layout (b) ओपेरा मिनी
(c) फायरफॉक्स (d) क्रोम

**Ans. (a) :** (Layout) लेआउट, वर्ड प्रोसेसिंग और पब्लिशिंग में टेक्स्ट और ग्राफिक्स की व्यवस्था को संदर्भित करता है। किसी दस्तावेज का ले आउट यह निर्धारित कर सकता है कि किन बिंदुओं पर जोर दिया गया है और क्या दस्तावेज की सौंदर्य की दृष्टि को सुसज्जित है।

**23. स्कूल शिक्षा से संबंधित है?**

(a) NCERT (b) UGC
(c) NCTE (d) RCI

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.) एक सरकारी संगठन है जिसे भारत में स्कूली शिक्षा के गुणात्मक सुधार में सहायता के लिए स्थापित किया गया है।

**24. $NH_2$ की तुलना में अधिक COOH समूहों वाले अमीनों अम्ल को ............ अमीनों अम्ल कहा जाता है।**

(a) क्षारीय (बेसिक) (b) उदासीन (न्यूट्रल)
(c) अम्लीय (एसिडिक) (d) उभयधर्मी (एम्फोटेरिक)

**Ans. (c) :** $NH_2$ समूह की तुलना में अधिक COOH समूहों वाले अमीनो अम्ल को 'अम्लीय अमीनो' अम्ल कहा जाता है। इनके कार्बनिक यौगिकों में अमीनो ($-NH_2$) व कार्बोक्सिलिक ($-COOH$) दोनों ग्रुप मौजूद होते है। क्षारीय अमीनो अम्ल में COOH समूह की अपेक्षा $NH_2$ समूहों की संख्या अधिक होती है

**25. निम्नलिखित में से कौन एक थर्मोसेटिंग प्लास्टिक है?**

(a) पॉलिथीन (b) बैकेलाइट
(c) पीवीसी (d) पॉलिस्टर

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में बैकेलाइट थर्मोसेटिंग प्लास्टिक का उदाहरण है। थर्मोसेटिंग प्लास्टिक पहली बार गर्म करने पर मुलायम हो जाते हैं और इन्हें इच्छित आकार में ढाल लिया जाता है। इन्हें पुनः गर्म करने पर मुलायम नहीं किया जा सकता है। इन्हें ताप दृढ़ बहुलक भी कहते हैं।

**नोट –** हालांकि आयोग ने इसका उत्तर विकल्प (d) माना है।

**26. माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला कौन थी?**

(a) जुंको तैबेई (b) बछेंन्द्री पाल
(c) तेनजिंग नोर्गे (d) उपरोक्त कोई नहीं

**Ans. (a) :** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला जुंको तैबेई है। यह जापान की रहने वाली है। जुंको, सात महाद्वीपों में से प्रत्येक की सबसे ऊंची चोटियों पर भी चढ़ाई करने वाली पहली महिला हैं।

**27. NCTE की स्थापना भारत सरकार के किस अधिनियम के द्वारा हुई थी?**

(a) 1993 (b) 1994
(c) 1995 (d) 1996

**Ans. (a) :** NCTE (राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद) की स्थापना राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद अधिनियम, 1993 के अंतर्गत 17 अगस्त, 1995 में की गई थी। इसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली के मानक, प्रक्रियाओं तथा धाराओं की स्थापना एवं निरीक्षण करना है।

**116. फेफड़ों की बाहरी आवरण परत को क्या कहते हैं?**

(a) फुफ्फुसावरण (b) श्लेष्म झिल्ली
(c) श्वासनलियाँ (d) ब्रोन्कियल

**Ans : (a)** फेफड़ों की बाहरी आवरण की परत को फुफ्फुसावरण (Pleura) कहते हैं। यह फेफड़ों को बाहरी आघात से बचाने का कार्य करता है। प्रत्येक फेफड़ा दो झिल्लियों से आवरित रहता है जिसे प्लूरा कहते हैं। बाह्य आवरण वक्ष तथा डायफ्राम के पास रहता है, जिसे पैराइटल प्लूरा कहते हैं, जबकि आंतरिक झिल्ली जो कि फेफड़े को घनिष्ठता से घेरे रहती है उसे विसरल प्लूरा कहते हैं। इन दोनों झिल्लियों के मध्य के स्थान को प्लूरल स्पेस (Pleural Space) कहते हैं, जो तरल पदार्थ से भरा हुआ होता है।

**29. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न कब दिया गया?**

(a) 1952 (b) 1976
(c) 1986 (d) 1990

**Ans. (d) :** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को वर्ष 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। भीमराव अम्बेडकर एक भारतीय न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक तथा राजनीतिक नेता थे। इन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया जिसके कारण इन्हें 'भारतीय संविधान का जनक' कहा जाता है।

**30. उर्दू के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2021 किसे दिया गया?**

(a) मुनव्वर राणा (b) चंद्रभान खयाल
(c) सलमान रूश्दी (d) उपरोक्त कोई नहीं

**Ans. (b) :** 'चंद्रभान खयाल' को उर्दू भाषा में रचित उनके कविता-संग्रह 'ताजा हवा की ताबिशें' के लिए वर्ष 2021 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

**31. पूर्णतावाद क्या है?**

(a) व्यक्ति की चिंता की विशेषता
(b) आत्म मूल्यांकन
(c) एक व्यापक व्यक्तित्व शैली
(d) उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** पूर्णतावाद वह सिद्धान्त है जिसके अनुसार आत्मा की पूर्णता ही मानव के नैतिक जीवन का परम लक्ष्य है। व्यक्ति की चिंता की विशेषता, व्यापक व्यक्तित्व शैली तथा आत्म मूल्यांकन ये सभी पूर्णतावाद की विशेषताएँ हैं।

**32. सत्यार्थ प्रकाश किसकी रचना है?**

(a) स्वामी विवेकानन्द (b) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(c) राजा राम मोहन राय (d) मालवीय जी

**Ans. (b) :** 'सत्यार्थ प्रकाश' वर्ष 1875 में मूल रूप से हिंदी में लिखी गई पुस्तक है। इसकी रचना 'स्वामी दयानंद सरस्वती' द्वारा की गई है। स्वामी दयानंद ने वेदों के ज्ञान को फैलाने के लिए सत्यार्थ प्रकाश लिखा था। इस पुस्तक में वैदिक सिद्धान्तों की व्याख्या और स्पष्टीकरण किया गया है।

**33. ई संजीवनी की शुरूआत कब की गई?**

(a) नवम्बर 2019 (b) जनवरी 2021
(c) मार्च 2021 (d) दिसम्बर 2022

**Ans. (a) :** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित ई-संजीवनी योजना की शुरुआत नवम्बर 2019 में की गई थी। ई-संजीवनी देश के चिकित्सकों के मध्य टेलीमेडिसिन सेवा है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारंपरिक प्रत्यक्षतः परामर्श का विकल्प प्रदान करती है।

**34. हिन्दी का पाणिनी किसे कहा गया है?**

(a) पं. कामता प्रसाद गुरु
(b) आचार्य किशोरी दास वाजपेयी
(c) अम्बिका दत्त व्यास
(d) राहुल सांकृत्यायन

**Ans. (b) :** आचार्य किशोरी दास वाजपेयी हिन्दी और संस्कृत के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं व्याकरणाचार्य थे। इन्हें हिंदी का प्रथम वैज्ञानिक 'हिन्दी का पाणिनी' भी कहा जाता है।

**35. AUKUS और QUAD दोनों में शामिल देश कौन-सा है?**

(a) भारत (b) अमेरिका
(c) जापान (d) इंग्लैंड

**Ans. (b) :** AUKUS जिसे ऑकस के रूप में भी जाना जाता है, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक त्रिपक्षीय सुरक्षा समझौता है जबकि QUAD एक अनौपचारिक रणनीतिक मंत्र है जिसमें चार राष्ट्र (भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका) शामिल है। ध्यातव्य है कि संयुक्त राज्य अमेरिका AUKUS और QUAD दोनों में शामिल होने वाला देश है।

**36. मिड डे मील योजना का परिवर्तित नाम पोषण मिशन कब किया गया?**

(a) 28 सितम्बर 2021 (b) 10 अगस्त 2021
(c) 20 जुलाई 2022 (d) 28 जून 2022

**Ans. (a) :** 28 सितम्बर 2021 को 'मिड डे मील' योजना का नाम परिवर्तित कर 'पोषण मिशन' कर दिया गया। यह कार्यक्रम सरकारी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा सरकारी सहायता प्राप्त आंगनवाड़ियों, मदरसों आदि में बच्चों के लिए मुफ्त दोपहर की भोजन का आपूर्ति करता है।

**37. सबसे बड़ी कुश्ती एकेडमी दिल्ली में किस संस्था के द्वारा बनाया जा रहा है?**

(a) भारतीय कुश्ती संघ (b) भारतीय खेल प्राधिकरण
(c) भारतीय रेल (d) दिल्ली सरकार

**Ans. (c) :** भारतीय रेलवे द्वारा किशनगंज, दिल्ली में भारत की सबसे बड़ी कुश्ती एकेडमी की स्थापना किया जा रहा है। यह देश में कुश्ती के खेल में बढ़ावा देने के लिए उन्नत प्रशिक्षण सुविधाओं से परिपूर्ण होगा।

**38. 4 जनवरी 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक ने किस विभाग की स्थापना की?**

(a) भुगतान और निपटान प्रणाली
(b) जाँच एवं सक्रियता विभाग
(c) आयात-निर्यात संरक्षण विभाग
(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** 4 जनवरी 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 'भुगतान और निपटान प्रणाली' विभाग की स्थापना की। यह अर्थव्यवस्था की समग्र दक्षता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**39. WHO का मुख्यालय कहाँ है?**

(a) जेनेवा (b) न्यूयार्क
(c) वांशिंगटन (d) मलेशिया

**Ans. (a) :** विश्व व्यापार संगठन (WTO) एक अंतर सरकारी संगठन है जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को नियंत्रित और सुगम बनाता है। 1994 के मारकेश समझौते के अनुसार 1 जनवरी 1995 को गठित यह दुनिया का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक संगठन है। इसका मुख्यालय जेनेवा, स्विट्जरलैंड में स्थित है।

**40. निम्नलिखित में से कौन–सा देश सार्क (SAARC) का सदस्य नहीं है?**

(a) भूटान (b) थाईलैंड
(c) बांग्लादेश (d) मालदीव

**Ans. (b) :** थाईलैंड सार्क (SAARC) का सदस्य देश नहीं है। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (The South Asian Association For Regional Cooperation – SAARC) की स्थापना 8 दिसम्बर, 1985 को ढाका (बांग्लादेश) में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ की गयी थी। सात संस्थापक देशों – बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान एवं श्रीलंका के विदेश सचिवों के परामर्श के बाद इनकी प्रथम मुलाकात अप्रैल 1981 में कोलंबिया में हुई थी। दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग का विचार सर्वप्रथम नवम्बर 1980 में सामने आया था। अफगानिस्तान वर्ष 2005 में आयोजित हुए 13वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में सार्क का सबसे नया सदस्य बना था। इस संगठन का मुख्यालय एवं सचिवालय नेपाल के काठमांडू में अवस्थित है।

**41. भारत में बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम कब अधिनियमित किया गया था?**

(a) 1985 (b) 1986
(c) 2012 (d) 2013

**Ans. (c) :** यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने सम्बन्धी अधिनियम (Protection Of Children From Sexual Offence Act - POCSO) 2012 में अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम बच्चों के हित और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बच्चों की यौन अपराध, यौन उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी से संरक्षण प्रदान करने के लिए लागू किया गया था। इस अधिनियम में 'बालक' को 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है।

**42. 4 जनवरी 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक ने किस विभाग की स्थापना की?**

(a) वित्तीय प्रौद्योगिकी (b) लोन विभाग
(c) इंटरनेट विभाग (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** भारतीय रिजर्व बैंक ने फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) के लिए एक अलग आन्तरिक विभाग की स्थापना की है। भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग , केन्द्रीय कार्यालय के फिनटेक डिवीजन को शामिल करके 4 जनवरी, 2022 से नया विभाग बनाया है।

**43. भारत ने सबसे ज्यादा निर्यात किस वित्तीय वर्ष में किया?**

(a) 2018–19 (b) 2019–20
(c) 2020–21 (d) 2021–22

**Ans. (d) :** भारत ने वित्त वर्ष 2021–22 में 417.81 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सर्वकालिक उच्च वार्षिक व्यापारिक निर्यात प्राप्त किया था। यह वित्त वर्ष 2020–21 के 291.81 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 43.18% अधिक है और वित्त वर्ष 2019-20 के 313.36 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 33.33% ज्यादा है।

**44. विश्व की सबसे लम्बी सुरंग जो कि 10 हजार फुट की ऊँचाई पर स्थित है?**

(a) पीर पंजाल सुरंग (b) अटल टनल

(c) चेनानी- नाशरी सुरंग (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** अटल टनल सुरंग को आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स द्वारा 10,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर स्थित विश्व की सबसे लम्बी 'राजमार्ग सुरंग' के रूप में प्रमाणित किया गया है। 9.02 किलोमीटर लंबी यह सुरंग रोहतांग दर्रे के पश्चिम में एक पहाड़ को काटकर बनाई गई है और यह सोलांग घाटी तथा सिसु के बीच की दूरी को लगभग 46 किमी कम करती है। यह सुरंग हिमालय के पीर पंजाल रेंज में अवस्थित है।

**45. भारत की किस नदी को वृद्ध गंगा कहा जाता है?**

(a) कृष्णा (b) गोदावरी

(c) कावेरी (d) नर्मदा

**Ans. (b) :** गोदावरी नदी प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी है, जिसकी कुल लम्बाई 1465 किमी. है। दक्षिण भारत की सबसे लंबी नदी होने के कारण इसे 'दक्षिण की गंगा' कहते है। इसे वृद्ध गंगा के नाम से भी जाना जाता है। इसका उद्गम पश्चिमी घाट की पहाड़ियों में स्थित त्र्यंबकेश्वर नामक स्थान से होता है। इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ प्राणहिता, पूर्णा, पेनगंगा, वर्धा, वेनगंगा, इन्द्रावती और मंजीरा हैं।

**46. सर्वम दुःखम जैसे सार्वभौमिक सत्य को किस धर्म के द्वारा बताया गया है?**

(a) जैन धर्म (b) हिन्दू धर्म

(c) बौद्ध धर्म (d) सिख धर्म

**Ans. (c) :** सर्वम दुःखम जैसे सार्वभौमिक सत्य को बौद्ध धर्म के द्वारा बताया गया है।

**47. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 30 जनवरी (b) 21 मार्च

(c) 7 अप्रैल (d) 2 जुलाई

**Ans. (b) :** संयुक्त राष्ट्र द्वारा सभी प्रकार के वनों के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करने हेतु वर्ष 2012 में 21 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के रूप में घोषित किया गया था। अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस 2022 की थीम "वन और टिकाऊ उत्पादन एवं खपत " थी। 2023 के इस दिवस की थीम वन और स्वास्थ्य है।

**48. विश्व संगीत दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 21 जून (b) 22 जून

(c) 25 जून (d) 28 जून

**Ans. (a) :** प्रत्येक वर्ष 21 जून को 'विश्व संगीत दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य संगीत के माध्यम से शांति और सद्भावना को बढ़ावा देना है। इस दिवस के आयोजन की कल्पना सर्वप्रथम वर्ष 1981 में फ्राँस के तत्कालीन संस्कृति मंत्री द्वारा की गयी थी।

**49. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है?**

(a) 01 अप्रैल (b) 07 अप्रैल

(c) 15 अप्रैल (d) 22 अप्रैल

**Ans. (b) :** प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थापना दिवस (7 अप्रैल,1948) की वर्षगाँठ पर विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य एवं उससे सम्बन्धित समस्याओं पर विचार-विमर्श करना तथा विश्व में समान स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के बारे में जागरुकता फैलाना है। वर्ष 2022 के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस थीम- 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य' थी।

**50. 'उर्वशी' के लेखक कौन हैं?**

(a) मुल्कराज आनन्द (b) भरतमुनि

(c) रामधारी सिंह दिनकर (d) कालिदास

**Ans. (c) :** उर्वशी के लेखक रामधारी सिंह दिनकर है। इसके लिए वर्ष 1972 में रामधारी सिंह दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया था। इस काव्य में उन्होंने उर्वशी और पुरूरवा के प्राचीन आख्यान को एक नये अर्थ से जोड़ना चाहा है।

## खण्ड-ब ( हिन्दी भाषा )

**51. 'जल' का पर्यायवाची नहीं है-**

(a) वारि (b) सलिल

(c) अंबुज (d) अमृत

**Ans. (c) :** 'अंबुज' शब्द जल का पर्यायवाची नहीं है जबकि वारि, सलिल, अमृत, तोय, उदक आदि जल के पर्यायवाची हैं। अंबुज 'कमल' का पर्यायवाची शब्द है।

**52. 'बिहार' की कौन-सी बोली नहीं है?**

(a) मगही (b) मैथिली

(c) भोजपुरी (d) अवधी

**Ans. (d) :** 'अवधी' बोली अर्धमागधी अपभ्रंश के अंतर्गत आती है यह उत्तर प्रदेश के अयोध्या, जौनपुर, प्रयागराज क्षेत्र में बोली जाती है। मगही, मैथिली तथा भोजपुरी मागधी अपभ्रंश के अतंर्गत आती है ये बिहार राज्य में बोली जाती है।

**53. 'धरती' का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) पयोधि (b) उपल

(c) जलद (d) वसुधा

**Ans. (d) :** 'वसुधा' शब्द 'धरती' का पर्यायवाची शब्द है। 'धरती' शब्द के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- धरा, पृथ्वी, भू, भूमि, धरणी, रत्नगर्भा आदि।

'समुद्र' का पर्यायवाची – <u>पयोधि</u>, जलधि, वारिधि आदि।

'बादल' का पर्यायवाची – <u>जलद</u>, अभ्र, मेघ, वारिधर आदि।

'पत्थर' का पर्यायवाची – <u>उपल</u>, प्रस्तर, पाषाण, अश्म आदि।

**54. 'आच्छादन' का संधि-विच्छेद है-**

(a) आच् + छादन (b) आ + छादन

(c) आत् + छादन (d) आच्छा + दन

**Ans. (b) :** 'आच्छादन' का संधि- विच्छेद 'आ + छादन' है। यह एक व्यंजन संधि है। किसी भी 'ह्रस्व स्वर' या 'आ' का मेल 'छ' से होने पर 'छ' से पहले 'च् ' जोड़ दिया जाता है।

**जैसे** – स्व + छंद = स्वच्छंद

अनु + छेद = अनुच्छेद

**55. 'अद्भुत रस' का स्थायी भाव है-**

(a) निर्वेद (b) शोक

(c) विस्मय (d) उत्साह

**Ans. (c) :** जहाँ अलौकिक या आश्चर्यजनक वस्तुओं या घटनाओं को देखकर हृदय में विस्मय या आश्चर्य का भाव उत्पन्न होता है, वहाँ अद्भुत रस पाया जाता है। इसका स्थायी भाव 'विस्मय' है।'निर्वेद' शांत रस का , 'शोक' करूण रस का तथा 'उत्साह' वीर रस का स्थायी भाव है।

**56. 'दयालु' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?**

(a) भाववाचक (b) गुणवाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) जातिवाचक

**Ans. (a) :** 'दयालु' शब्द में भाववाचक संज्ञा है। 'जिस शब्द से व्यक्ति के गुणधर्म, भाव या दशा, व्यापार का बोध हो, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**- मिठास, बुढ़ापा, बचपन, लड़कपन आदि।

**57. 'देवनागरी' लिपि की उत्पत्ति किससे हुई है?**

(a) ब्राह्मी लिपि (b) खरोष्ठी लिपि
(c) आरमेइक लिपि (d) रोमन लिपि

**Ans. (a) :** तीसरी-चौथी शताब्दी से ही भारत वर्ष में ब्राह्मी लिपि का प्रचलन था। इसी ब्राह्मी लिपि से देवनागरी लिपि का विकास हुआ है। देवनागरी लिपि अक्षरात्मक है। यह बाएँ से दाएँ लिखी जाती है।

**58. अर्द्ध विवृत स्वर है–**

(a) ऊ (b) ऐ
(c) आ (d) ए

**उत्तर (b) :** मुखद्वार के खुलने के आधार पर स्वर चार प्रकार होते हैं, जो इस प्रकार हैं–

**विवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार पूरा खुलता है, जैसे– आ

**अर्द्ध विवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा खुलता है, जैसे– अ, ऐ, ऑ, औ।

**अर्द्ध संवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा बन्द रहता है, जैसे- ए, ओ।

**संवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार लगभग बन्द रहता है, जैसे- इ, ई, उ, ऊ।

अतः दिये गये विकल्पों में से 'ऐ' अर्द्ध विवृत स्वर है।

**59. 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है?**

(a) ज + ञ (b) ज् + ञ
(c) ज + ध (d) ज + न्य

**उत्तर (b)** 'ज्ञ' वर्ण 'ज् + ञ' वर्णों के संयोग से बना है।

**60. 'हंसपद' विराम चिह्न का प्रयोग होता है**

(a) वाक्य पूरा करने के लिए।
(b) संकेत देने के लिए।
(c) अर्थ स्पष्ट करने के लिए।
(d) लिखने में अक्षर छूटने का संकेत देने के लिए।

**उत्तर. (d) :** हंसपद (^) का प्रयोग लिखने में अक्षर छूटने का संकेत देने के लिए किया जाता है। हिन्दी के कुछ महत्त्वपूर्ण विराम चिह्न हैं-

पूर्ण विराम - ।
अल्प विराम - ,
योजक चिह्न - –
प्रश्नवाचक चिह्न - ?
विस्मयादिबोधक - !
अर्द्ध विराम - ;
विवरण चिह्न - :
लोप/वर्जन चिह्न - ×××
संक्षेप / लाघव चिह्न - o

**61. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए –**

(a) अन्त्याक्षरी (b) पूज्यनीय
(c) तदोपरान्त (d) कवियित्री

**उत्तर-(a)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द **'अन्त्याक्षरी'** है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार है–

पूज्यनीय – पूजनीय
तदोपरान्त – तदुपरान्त
कवियित्री – कवयित्री

**62. जलेबी में <u>मिठास</u> अधिक है। रेखांकित शब्द का विशेषण बताइए।**

(a) मिठाई (b) मीठापन
(c) मीठा (d) चीनी

**उत्तर : (c)** 'जलेबी में मिठास अधिक है' में रेखांकित शब्द 'मिठास' भाववाचक संज्ञा है। इसका विशेषण 'मीठा' होगा।

**63. 'हिमालय' किस प्रकार की संज्ञा है?**

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

**उत्तर : (a)** 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। जिस शब्द से किसी एक वस्तु/व्यक्ति/स्थान/आकृति का बोध हो, उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं। यहाँ हिमालय से पर्वत के नाम का बोध हो रहा है, अतः 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

**64. हिन्दी में कुल कितने सर्वनाम है?**

(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

**उत्तर : (c)** हिंदी में कुल सर्वनामों की संख्या 11 है जो इस प्रकार हैं- मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या।

**65. 'राम सो रहा है'–इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है?**

(a) अकर्मक (b) सकर्मक
(c) प्रेरणार्थक (d) द्विकर्मक

**उत्तर : (a)** 'राम सो रहा है' वाक्य में अकर्मक क्रिया है। जिस क्रिया का फल कर्ता पर ही पड़ता है वह क्रिया अकर्मक कहलाती है। इस क्रिया में कर्म का अभाव होता है।

**<u>राम</u> <u>सो रहा</u> है।**
कर्ता क्रिया

**66. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया-विशेषण के रूप में किसका प्रयोग किया गया है?**
**''वह बहुत तेज़ दौड़ा।''**

(a) तेज़ (b) वह
(c) दौड़ा (d) बहुत

**उत्तर : (a)** ''वह बहुत तेज दौड़ा।'' वाक्य में 'तेज' शब्द क्रिया विशेषण है। वाक्य में प्रयुक्त पदों का विवरण इस प्रकार है-

वह – सर्वनाम
बहुत – प्रविशेषण
तेज – क्रिया विशेषण
दौड़ा – क्रिया

**क्रिया विशेषण–**क्रिया की विशेषता को प्रकट करने वाले शब्द क्रिया विशेषण कहलाते हैं जैसे- तेज, धीमा आदि।